दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 276 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसमें कोई शक नहीं की संसद की सुरक्षा में सेंध गंभीर मामला है। इसे लेकर विपक्ष को सवाल पूछने का पूरा हक है। किन्तु इस संवेदनशील मामले पर राजनीति करना ठीक नहीं है। होना तो यह चाहिए कि पूरा विपक्ष संसद में दहशत फैलाने वाले आरोपियों के खिलाफ एक सुर में कड़ी कर्रवाई की मांग करे। लेकिन विपक्ष के कई नेता आरोपियों को भटके हुए नवजवान बता रहे। इस घटना को बेरोजगारी और महंगाई को लेकर सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोष बता रहे हैं। उन्हें समझना चाहिए कि ऐसे बयानों से अजराक तत्वों के हौसले और बुलंद होंगे।

रामविचार नेताम बने छत्तीसगढ़ के प्रोटेम स्पीकर

■ राजभवन में छत्तीसगढ़ी भाषा में ली शपथ; सीएम-डिप्टी सीएम दिल्ली रवाना

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी के वरिष्ठ विधायक रामविचार नेताम को रविवार को राजभवन में प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई गई। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन उन्हें शपथ दिलाई। नेताम के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव के अलावा भाजपा विधायक और राजभवन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान और राज्य गीत के साथ हुई। राम विचार नेताम ने छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ग्रहण की। बीजेपी सूत्रों के अनुसार शपथ ग्रहण में शामिल होने के बाद सीएम और डिप्टी सीएम देर शाम दिल्ली रवाना होंगे। दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल के विस्तार की तारीख की घोषणा होगी।शपथ ग्रहण के बाद राम विचार नेताम ने कहा कि, प्रदेश की जनता को ये उम्मीद थी कि प्रोटेम स्पीकर को छत्तीसगढ़ी में शपथ लेनी चाहिए। इसलिए मैंने छत्तीसगढ़ी में पद की शपथ ली। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ माता की सेवा करने के लिए हम सब आए हैं। स्वाभाविक है सब की भावनाओं का भी सम्मान हो।

कौन होता है प्रोटेम स्पीकर?- प्रोटेम लैटिन शब्द प्रो टैम्पोर से आया है। इसका मतलब होता है- कुछ समय के लिए। प्रोटेम स्पीकर अस्थायी स्पीकर होता है। विधानसभा चुनाव होने के बाद सदन को चलाने के लिए प्रोटेम स्पीकर को चुना जाता है।

प्रोटेम स्पीकर को चुनता कौन है?- विधानसभा चुनाव होने के बाद विधानसभा सचिवालय की तरफ से सीनियर मोस्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के अब तक इतने प्रोटेम स्पीकर

पहली विधानसभा : महेंद्र बहादुर सिंह
दूसरी विधानसभा : राजेंद्र प्रसाद शुक्ल
तीसरी विधानसभा : बोधराम कंवर
चतुर्थ विधानसभा : सत्य नारायण शर्मा
पांचवीं विधानसभा : रामपुकार सिंह

मंत्रिमंडल में इन्हें मिल सकती है जगह

बृजमोहन अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, केदार कश्यप, रामविचार नेताम, धरमलाल कौशिक, ओपी चौधरी, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, डोमन लाल कोर्सेवाडा, रेणुका सिंह और अजय चंद्राकर को जगह मिल सकती है।

विधायकों को शपथ दिलाएंगे नेताम

नेताम नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा में शपथ दिलाएंगे। विधानसभा में भाजपा-कांग्रेस के 90 विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। इधर, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार विधानसभा शीतकालीन सत्र से पहले हो सकता है।

छठवीं बार चुने गए विधायक

रामविचार नेताम रामानुजगंज विधानसभा से छठवीं बार के विधायक हैं। रामविचार नेताम का जन्म अविभाजित सरगुजा जिले के बलरामपुर ब्लॉक के सनावल ग्राम में एक मार्च 1962 को हुआ था। उन्होंने अंबिकापुर पीजी कॉलेज से स्नातक तक की पढ़ाई की। इस दौरान वे छात्र राजनीति में सक्रिय थे। पढ़ाई खत्म होने के बाद वापस सनावल आकर वे स्कूल में शिक्षक की नौकरी करने लगे। वर्ष 1990 में उन्होंने पाल विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा की टिकट से विधायक निर्वाचित हुए। पाल विधानसभा अनुसूचित जाति जनजाति के लिए रिजर्व सीट है। रामविचार नेताम 1993 में दूसरी, 1998 में तीसरी, 2003 में चौथी व 2008 में पांचवी बार विधायक निर्वाचित हुए। उन्होंने लगातार पांच बार विधायक बनने का रिकार्ड अपने क्षेत्र से बनाया।

रामविचार नेताम का सियासी सफर

- वर्ष 1990 में पाल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनकर मध्यप्रदेश विधानसभा पहुंचे
- वर्ष 1993 में पाल विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बने
- वर्ष 1998 में पाल विधानसभा से तीसरी बार विधायक बने
- वर्ष 2000 से 2003 तक अविभाजित सरगुजा के भाजपा जिलाध्यक्ष
- वर्ष 2003 में पाल विधानसभा से चौथी बार विधायक। 2003 से वर्ष 2005 तक रमन सरकार में अजाक मंत्री
- वर्ष 2005 से 2008 तक गृह, जेल एवं सहकारिता मंत्री
- वर्ष 2008 में पांचवीं बार रामानुजगंज विधानसभा से विधायक
- 2008 से 2012 तक डा. रमन सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री
- 2012 से 2013 तक डा. रमन सरकार में जल संसाधन मंत्री
- वर्ष 2014 में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री
- वर्ष 2015 में राष्ट्रीय प्रभारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इटली में दुनिया का सबसे बड़ा क्रिसमस ट्री

इटली (ए)। दुनियाभर में क्रिसमस की तैयारी जोरों पर हैं। इसी बीच इटली के स्थित गुबियो टाउन में दुनिया के सबसे बड़े क्रिसमस ट्री को रोशन कर दिया है। यह वास्तव में पेड़ न होकर इंगिनो पहाड़ की ढलान पर लाइटिंग से बना 'ट्री' है, जो 750 मीटर ऊंचा और आधार पर 450 मीटर चौड़ा है। क्रिसमस ट्री को रोशन करने के लिए इसमें 7.5 किमी लंबे बिजली के तार और सैकड़ों लाइट्स का इस्तेमाल किया गया है। क्रिसमस ट्री का वीडियो देखने के लिए फोटो पर क्लिक करें।

स्पीकर के लिए डॉ. रमन ने दाखिल किया नामांकन

■ कहा- हम नई जिम्मेदारी की ओर बढ़ रहे; छत्तीगसढ़ विधानसभा सत्र 19 से शुरु

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए डॉ. रमन सिंह ने रविवार को नामांकन दाखिल कर दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि आज मैंने नामांकन दाखिल किया है। मैं पक्ष और विपक्ष दोनों को धन्यवाद देता हूं। हम नई जिम्मेदारी की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे इस पवित्र सदन और पूरे छत्तीसगढ़ के 90 विधायकों के संरक्षण का दायित्व मिलने जा रहा है।

दरअसल, विधानसभा का शीतकालीन सत्र के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। 19 दिसंबर से विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी और 21 दिसंबर तक चलेगी। 19 को विधायकों की शपथ होगी। इसी दिन विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा। प्रोटेम स्पीकर के रूप में राम विचार नेताम ने रविवार को ही शपथ ली है। विधानसभा सत्र के अगले दिन 20 दिसंबर बुधवार को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। तीसरे दिन 21 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। शासकीय काम किए जाएंगे। इस सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर भी चर्चा हो सकती है।

बजट की है जरूरत

विधानसभा के इस सत्र के दौरान भाजपा सरकार, सरकारी योजनाओं के लिए अनुपूरक बजट का इंतजाम करेगी। हाल ही में उपमुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय दिल्ली रवाना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को दिल्ली रवाना हो रहे हैं। सीएम बनने के बाद यह उनकी पहली दिल्ली यात्रा है। माना जा रहा है कि वह इस दौरान पार्टी हाईकमान से मुलाकात कर मंत्रिमंडल पर चर्चा करेंगे। विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद एक-दो दिन में नया मंत्रिमंडल शपथ ले सकता है।

नेता प्रतिपक्ष मंहत बोलेः बीजेपी की सरकार बनते ही किसान करने लगे हैं आत्महत्या

■ मंत्री बनेंगे की नहीं जनता के मन में शंका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विपक्ष के नेता अब पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण महंत होंगे। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद आज चरण दास महंत पहली बार विधानसभा पहुंचे। महंत ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनते ही प्रदेश के किसानों ने आत्महत्या शुरू कर दी है। नक्सली घटनाएं बढ़ गई हैं। अभी आगे-अगे देखिये क्या क्या होता है।

दरअसल, विधानसभा का शीतकालीन सत्र के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। 19 दिसंबर से विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी और 21 दिसंबर तक चलेगी। 19 को विधायकों की शपथ होगी। इसी दिन विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा। प्रोटेम स्पीकर के रूप में राम विचार नेताम ने रविवार को ही शपथ ली है। मंत्रिमंडल बन पायेगा की नहीं, शंका है

3 दिन की सत्र को लेकर कहा महंत ने कहा सत्र सिर्फ तीन दिन तक का है। पता नहीं तब तक मंत्री मंडल बन पायेगा या नहीं यह अभी लोगों को खुद शंका है। यह सत्र तो ऐसे ही जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को हम लोग बधाई देना चाहते हैं। प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हम लोगों ने उनके साथ दिया है।

विपक्ष बनेगी जनता की आवाज़: नेता विपक्ष के रूप में मुझे चुना गया है। अब हम सब मिलकर सदन में जनता की लड़ाई लड़ेंगे, मिलकर काम करेंगे। सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस पार्टी आम आदमी के साथ है,किसानों के साथ है, नौजवानों के साथ है, छत्तीसगढ़िया लोगों के साथ है। आपको ऐसा नहीं लगेगा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महंत जी को बधाई- भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा -मैं महंत जी को बधाई देता हूं कि वह हमारे विपक्ष के नेता चुने गए हैं। उनका विधानसभा और लोकसभा में बहुत लंबा अनुभव रहा है। केंद्रीय मंत्री के रूप में, विधानसभा अध्यक्ष के रूप में, मध्य प्रदेश में भी मंत्री के रूप में उनका बहुत सारे अनुभव है उसका लाभ हम लोगों को जरूर मिलेगा। हम जनता के जो मुद्दे उठाएंगे।

नक्सली हमले में सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुधाकर शहीद

■ सुकमा में सर्चिंग पर निकले थे, एक घायल; सीएम ने ली समीक्षा बैठक

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा में रविवार सुबह नक्सलियों के हमले में CRPF के SI शहीद हो गए हैं, जबकि एक जवान घायल है। मामला जगरगुंडा थाना क्षेत्र का है। चार दिन में जवानों पर ये तीसरा नक्सली हमला है, जिसमें जवान की शहादत हुई है।

जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 7 बजे बेदरे गांव स्थित CRPF 165वीं बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे। बाजार होते हुए जवान उर्सांगल की तरफ सर्चिंग कर रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। हालांकि, समय रहते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने कहा- हिंसा नक्सलियों की बौखलाहट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सली हमले के बाद रविवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इसमें मुख्य सचिव और डीजीपी समेत पुलिस और खुफिया विभाग के सभी बड़े अफसर मौजूद थे। सीएम साय ने नक्सल विरोधी अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीजीपी खुद इसकी मॉनिटरिंग करें। सीएम साय ने कहा कि, हिंसा नक्सलियों की बौखलाहट का परिचायक है। विकास से हम लोगों का विश्वास जीतेंगे। केंद्र सरकार के सहयोग से नक्सलवाद का खात्मा किया जाएगा। उन्होंने शहीदों के परिवार को हर संभव सहायता दिलाने के निर्देश दिए हैं।

महाराष्ट्र में एक्सप्लोसिव कंपनी में धमाका, 9 की मौत

नागपुर (ए.)। महाराष्ट्र के नागपुर के बाजारगांव में एक्सप्लोसिव कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड में रविवार को धमाका हो गया। इससे इमारत में आग लग गई। 12 लोग इसकी चपेट में आ गए। 9 की मौत हो गई और तीन घायल हैं। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 पुरुष हैं। नागपुर ग्रामीण SP हर्ष पोद्दार ने बताया, यह ब्लास्ट कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के वक्त हुआ। धमाका इतना तेज था कि, सी बी एच 2 प्लांट की इमारत भी ध्वस्त हो गई। इस फैक्ट्री में सेना के लिए हथियारों का निर्माण होता है। जिसके चलते भारी मात्रा में गोला-बारूद मौजूद था। वहीं ब्लास्ट के बाद जहरीला केमिकल पूरी प्लांट में फैल गया। इससे मौतों की संख्या बढ़ सकती है।

विस्फोटकों को पैक करने के दौरान ब्लास्ट : यह कंपनी नागपुर अमरावती रोड पर बाजार गांव में स्थित है और शुरुआती जानकारी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाक आर्मी चीफ बोले- कश्मीर पर भारत का फैसला गैर-कानूनी

■ यूएन चीफ से कहा- शांति के लिए कश्मीरियों की मर्जी से हल निकालना जरूरी

नई दिल्ली (ए.) पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने ह्र सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर से कश्मीर का मुद्दा उठाया है। मुनीर ने कहा- साउथ एशिया में शांति तभी स्थापित हो पाएगी जब कश्मीर विवाद को वहां के लोगों और ह्रस्ट के प्रस्तावों के तहत सुलझाया जाएगा।

इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशन्स की मुताबिक, मुनीर ने ह्र चीफ के सामने कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने की भी निंदा की। उन्होंने कहा- भारत का ये फैसला एकतरफा और गैर-कानूनी है, जो ह्रस्ट प्रस्तावों के खिलाफ हैं। इससे पहले मुनीर ने अमेरिका में विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से भी मुलाकात की। यहां भी उन्होंने कश्मीर का मुद्दा छेड़ा था। मुनीर ने कहा कि भारत कश्मीर में जिस तरह के कदम उठा रहा है, वह इलाके की शांति के लिए ठीक नहीं हैं। ह्र चीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने गाजा का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने फिलिस्तीन पर पाकिस्तान का पक्ष दोहराते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को साथ लाकर तुरंत सीजफायर की मांग उठाई।

जजों की कमी से जूझ रहे कोर्ट

■ 10 लाख की अबादी पर सिर्फ 21; न्याय मिलने में हो रही देरी

नई दिल्ली (ए.)। विधि आयोग की सिफारिश के 36 साल बाद भी देश में प्रति दस लाख जनसंख्या पर 50 जज होने का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, फिलहाल देश में प्रति दस लाख की आबादी पर महज 21 जज हैं, जो 50 फीसदी से भी कम हैं। जबकि देश की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। हालांकि, पिछले कुछ साल में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति में तेजी आई है। निचली अदालतों में अभी भी जज के हजारों पद खाली हैं।

भारतीय विधि आयोग ने 1987 में सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि देश में प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर 50 जज होने चाहिए। भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह ने लोकसभा में यह जानना चाहा कि क्या सरकार एक दशक में प्रति दस लाख आबादी पर 50 न्यायाधीशों तक पहुंचने के विधि आयोग के 1987 के लक्ष्य को पूरा कर लिया है या पीछे है? केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस सवाल के जवाब में देश की जनसंख्या और जजों के अनुपात को लेकर लोकसभा में आंकड़ा पेश किया है।

मंत्रालय की ओर पेश आंकड़ों के मुताबिक देश में फिलहाल प्रति 10 लाख जनसंख्या पर महज 21 जज हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक जनसंख्या और जजों की संख्या में अंतर को पाटने की समयसीमा का सवाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

गौरव... ये सबसे बड़ी इंटरकनेक्टेड और अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन से बड़ी ऑफिस बिल्डिंग

पीएम मोदी के हाथों 'सूरत डायमंड बोर्स' का उद्घाटन

सूरत (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी, 17 दिसंबर को गुजरात में बने सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग का इनॉगरेशन किया। ये सबसे बड़ी इंटरकनेक्टेड और अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन से बड़ी ऑफिस बिल्डिंग है। इसमें 4500 से अधिक दफ्तर हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया और रोड शो भी किया।

सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। SDB को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92त्न नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।

पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें

- पूरे देश के आर्किटेक्चर के स्टूडेंट को ये बिल्डिंग दिखाना चाहिए। पंचतत्व क्या होता है ये दिखाने के लिए लैंडस्केप की दुनिया में जो काम करते हैं उनको भी यहां बुलाइए।

- मोदी ने ये भी कहा कि सूरत की डायमंड इंडस्ट्री पहले से ही 8 लाख लोगों को रोजगार दे रही है और अब डायमंड बोर्स से 1.5 लाख लोगों को रोजगार मिलने वाला है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वर्ल्ड रिकॉर्ड में बिल्डिंग का नाम दर्ज

इस साल अगस्त में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस बिल्डिंग का नाम दर्ज हुआ था। यह इमारत 35.54 एकड़ में फैली है। इसका बिल्ड अप एरिया 67 लाख वर्ग फीट है। इससे पहले दुनिया का सबसे बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स का रिकॉर्ड अमेरिका के पेंटागन के नाम था। पेंटागन का बिल्ड अप एरिया 65 लाख वर्ग फीट है।

सूरत डायमंड बोर्स बनाने के 4 बड़े कारण

- भारत से डायमंड, जेम्स एंड ज्वेलरी के इंपोर्ट, एक्सपोर्ट और ट्रेडिंग को बढ़ावा देना।
- डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग करने वालों को अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर देना।
- कटिंग, पॉलिशिंग और प्रोसेसिंग सहित डायमंड, जेम्स एंड ज्वेलरी से जुड़े बिजनेस को बढ़ाना।
- भारत को दुनिया में एक मॉडर्न डायमंड, जेम्स एंड ज्वेलरी मार्केट के रूप में विकसित करना।
- इस बिल्डिंग को 65,000 से ज्यादा डायमंड एक्सपर्ट्स ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ न्यूज गैलरी

समर एयर डिफेंस मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना ने रविवार को समर एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बता दें कि समर एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को भारत में ही विकसित किया गया है और यह स्वदेशी डिजाइन पर आधारित है। जमीन से हवा में मार करने वाला यह मिसाइल सिस्टम भारतीय वायुसेना द्वारा ही विकसित किया गया है।

देहरा के सुनहेत में गोलीकांड,1 की मौत

देहरा। शनिवार देर शाम को उपमंडल देहरा के लोअर सुनहेत के फेरा नामक स्थान पर गोली लगने से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समीपवर्ती इलाके के एक ही गांव के दो लोग शनिवार देर शाम को फेरा में जंगल में शिकार खेलने आए थे। बताया जा रहा है कि शिकार के दौरान गोली चल जाने के कारण गरली प्रागपुर के नजदीकी गांव सलांगड़ी के निवासी विजय कुमार उर्फ विक्कू (40) की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही डी.एस.पी. देहरा अनिल कुमार व थाना प्रभारी देहरा संदीप पठानिया और उनकी टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और लोगों के बयान कलमबद्ध किए। जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है मृतक विजय कुमार ट्रैक्टर चालक था। डी.एस.पी. देहरा अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए हैं और फोरैंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

नाबालिग का अपहरण कर वेश्यावृत्ति में धकेला, 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में 14 वर्षीय एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार किया गया। फिर उसे वेश्यावृत्ति में धकेल दिया गया। पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला तब सामने आया जब पुलिस को सूचना मिली कि उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार इलाके में एक महिला वेश्यावृत्ति का अड्डा चला रही है। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) मनोज कुमार मीणा ने कहा कि पुलिस टीम ने शनिवार को परिसर में छापा मारा और बिहार के अररिया जिले की रहने वाली नाबालिग को कटरा आत्मा राम (सदर बाजार) के एक घर में बंद पाया गया। ऑपरेशन से पता चला कि उसे कैद में रखने का मकसद वेश्यावृत्ति था। कथित तौर पर उसका अपहरण कर लिया गया था और जबरन यहां रखा गया था। डीसीपी ने कहा, 'अररिया जिले के रहने वाले इरशाद (30), संजारी (36) और हसीबुल (45) नाम के आरोपियों ने पीड़िता का अपहरण किया।

पंजाब के मोगा में पुलिस और बंबीहा गिरोह के गैंगस्टरों के बीच एनकाउंटर, तीन गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की ओर से गैंगस्टरों के खिलाफ धड़ाधड़ ऐक्शन जारी है। लगातार दूसरे दिन पुलिस और गैंगस्टरों में मुठभेड़ हुई है। मोगा में पुलिस-बंबीहा गैंग के बीच एनकाउंटर हुआ। बदनी कलां इलाके के पास पुलिस की सीआईए टीम और बंबीहा गैंग के बदमाशों के बीच कई राउंड गोलियां चलीं। इस दौरान 3 बदमाश काबू कर लिए गए। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश और सीआईए का एक मुलाजिम घायल हुआ है। पकड़े गए तीनों बदमाशों की पहचान मोगा के शंकर राजपूत, जश्व और धर्मकोट के नवदीप सिंह के रूप में हुई है। ये तीनों बंबीहा गैंग को ऑपरेट करने वाले लक्की पटियाल और मंदीप धालीवाल के करीबी सरगना हैं। डीएसपी मोगा हरिंदर सिंह दोध ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

खेत में घुसकर पुलिस पर चलाने लगे गोलियां

मोगा पुलिस की सीआईए टीम ने

बदनी कला इलाके के पास नाका लगा रखा था और चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ये तीनों बदमाश दोधर की तरफ से बाइक पर सवार होकर आए। नाके से गुजरते समय जब इन्हें रोका गया तो रुके नहीं और भागने लगे। सीआईए टीम ने इनका पीछा किया। इसके बाद खुद को घिरता देख तीनों बदमाश बाइक छोड़ खेत में जा घुसे और वहां से सीआईए टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सीआईए टीम ने भी अपने बचाव में जवाबी कार्रवाई की। जहां जवाबी कार्रवाई के साथ तीनों को काबू कर लिया गया।

शनिवार को हुई थी 2 जगह मुठभेड़, 3 गैंगस्टर पकड़े

एक दिन पहले ही शनिवार को मोहाली जिले में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हुई थी। मोहाली के गांव सनेट्टा के निकट लांडरां रोड पर मोहाली पुलिस और बदमाशों में ताबड़तोड़ गोलियां चलीं थीं। जहां इस बीच टीम ने 2 बदमाशों को पकड़ लिया था। दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हुए थे। वहीं दोनों बदमाशों की पहचान कर्मजीत सिंह और परमजीत सिंह प्रिंस निवासी राजपुरा के रूप में हुई थी। शनिवार रात को ही पटियाला में मुठभेड़ हुई थी। 6 हत्याओं के मामलों में वांछित मलकीत चिट्टा को सीआईए पटियाला ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी थी।

पूर्व कांग्रेस विधायक की गोली मारकर हत्या

म्यांमार सीमा पर उग्रवादियों का बने निशाना

ईटानगर (ए.)। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व कांग्रेस विधायक युमसेन माटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्हें तिरप जिले के लाजू सर्कल में भारत-म्यांमार सीमा के पास उग्रवादियों ने गोली मारी। रिपोर्ट के मुताबिक, मैटी की हत्या राहो गांव के पास की गई है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ घंटों की दूरी पर है। वह कथित तौर पर अपने कुछ कार्यकर्ताओं के साथ राहो का दौरा कर रहे थे। घटना की पुष्टि करते हुए आईजीपी (कानून एवं व्यवस्था) चुखु आपा ने कहा कि पुलिस की एक टीम उस जगह का दौरा कर रही है जहां घटना हुई थी।

अधिकारियों ने बताया कि एक संदिग्ध आतंकवादी ने तिरप जिले के एक गांव में अरुणाचल प्रदेश के पूर्व विधायक की गोली मारकर हत्या कर दी, जहां वह शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राहो दौरे पर थे। यह घटना दोपहर करीब 3 बजे राहो गांव के पास हुई, जो म्यांमार सीमा के करीब है। तिरप के एसपी राहुल गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक यमसेन माटे अपने तीन समर्थकों के साथ किसी निजी काम से गांव गए थे, तभी कोई उन्हें किसी बहाने से जंगल की ओर ले गया और उन पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को अपराधी की तलाश है। उधर, एसपी ने उग्रवादी की पहचान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रक्षा सूत्रों ने हत्या में एनएससीएन-केवाईए की संलिप्तता का संकेत दिया है। गौरतलब है कि माटेई 2009 में कांग्रेस के टिकट पर खोंसा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। वह 2015 में भाजपा में शामिल हो गए और इस साल की शुरुआत में, 2024 में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। राजनीति में प्रवेश करने से पहले, उन्होंने चांगलांग जिले में जिला वयस्क शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य किया है।

लीबिया के समुद्र तट पर प्रवासियों से भरा जहाज डूबा, 61 लोगो की मौत की आशंका

लीबिया। लीबिया के समुद्र तट पर प्रवासियों से भरा एक जहाज डूब गया। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 61 प्रवासी डूब गए। यह जानकारी लीबिया में अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने शनिवार को सोशल मीडिया पर दी।

इतने लोग थे सवार

आईओएम ने जिंदा बचे लोगों के हवाले से बताया कि जहाज में कुल 86 लोग सवार थे। यह लीबिया के ज्वारा शहर से रवाना हुआ था।

लीबिया के सहारे यूरोप जाना चाहते हैं

बता दें, समुद्र के रास्ते यूरोप

पहुंचने के इच्छुक लोगों के लिए लीबिया एक मेजर लॉन्चिंग पॉइंट है। अफ्रीका और मध्य पूर्व में स्थित मुल्कों के लोग अपने यहां हो रहे युद्ध और अशांति से बचने के लिए लीबिया के रास्ते यूरोप जाना चाहते हैं। इन रास्तों पर सैन्य गुटों द्वारा मानव तस्करी नेटवर्क चलाए जाते हैं, जो तटीय क्षेत्रों को नियंत्रित करते हैं। वे प्रवासियों को खतरनाक भूमध्य सागर के माध्यम से जोखिम भरी यात्रा कराते हैं।

कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-सबा का निधन

नई दिल्ली। कुवैत के शासक शेख नवाफ अल अहमद अल सबा का शनिवार को निधन हो गया. कुवैत टेलीविजन ने कुरान की आयतों के साथ इस बारे में जानकारी दी. वहां के मंत्री शेख मोहम्मद अब्दुल्ला अल सबा ने संक्षिप्त बयान पढ़ा, 'बड़े दुख के साथ, हम - कुवैती लोग, अरब और इस्लामी राष्ट्र और दुनिया के मित्रवत लोग दिवंगत महामहिम अमीर, शेख नवाफ अल अहमद अल जाबेर अल सबा के प्रति शोक व्यक्त करते हैं, जिनका आज निधन हो गया।' अधिकारियों ने 86 वर्षीय शेख नवाफ अल अहमद अल सबा की मौत का कोई कारण नहीं बताया. नवंबर के अंत में, शेख नवाफ को एक अज्ञात बीमारी के कारण अस्पताल ले जाया गया।

आईएएस के बेटे की प्रेमिका को कार से कुचलने के मामले में एसआईटी गठित

■ हर पहलू को ध्यान में रखकर करेंगे जांच

मुंबई। महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट अनिल कुमार गायकवाड़ के बेटे अश्वजीत गायकवाड़ द्वारा प्रेमिका को कार से कुचलने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

ठाणे के पुलिस आयुक्त जय जीत सिंह ने बताया कि आरोपी अश्वजीत और दो अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाना) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कार से कुचलने की कोशिश

पुलिस ने बताया कि यह घटना घोडबंदर रोड पर एक होटल के पास सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई। यहां महिला अश्वजीत गायकवाड़ से मिलने पहुंची थी। दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। बाद में, जब पीड़िता कार से उतरकर जाने लगी, तो वाहन चला रहे व्यक्ति ने उसे कुचलने की कोशिश की, जिसके कारण वह गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।

सोशल मीडिया पर छलका दर्द

अधिकारी ने आगे बताया कि पीड़िता ने घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। पीड़िता का इलाज चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गायकवाड़ महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट का बेटा है।

अधिकारी ने बताया, 'विस्तृत जांच के लिए जोन पांच के पुलिस उपायुक्त अमर सिंह जाधव के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।'

उन्होंने कहा कि गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और फोरेंसिक रिपोर्ट जुटाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान और तथ्य सामने आने पर कानून की आगे की धाराओं को शामिल किया जाएगा।

राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अमेरिका में हिंदुओं ने निकाली कार रैली

वॉशिंगटन। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इसे लेकर पूरे देश में एक उत्साह और उल्लास का माहौल है। ऐसा ही उत्साह और उल्लास अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों में भी है। यही वजह है कि राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अमेरिका में महीने भर तक इसका उत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को इस उत्सव की शुरुआत एक विशाल कार रैली से हुई। वॉसिंगटन डीसी के उपनगरीय इलाकों में यह कार

रैली निकाली गई।

अमेरिका में महीने भर तक चलेगा उत्सव

अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के कई सदस्य शनिवार को मैरीलैंड के नजदीक स्थित फ्रेडरिक सिटी में श्री भक्त आंजनेय मंदिर में इकट्ठा हुए और राम मंदिर के उद्घाटन की खुशी में कार रैली निकाली। अमेरिका में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने बताया कि 500 सालों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर का अयोध्या में उद्घाटन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अमेरिका में भी उत्सव मना रहे हैं। 20 जनवरी को वॉशिंगटन, डीसी इलाके में करीब 1000 हिंदू परिवारों के साथ ऐतिहासिक जश्न मनाया जाएगा।

यूक्रेन को सदस्यता के लिए 2,739 कानूनी नियमों को लागू करने की आवश्यकता

कीव। यूक्रेन के प्रधान मंत्री डेनिस शमाहाल ने कहा है कि यूक्रेन को यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य बनने के लिए 2,739 कानूनी अधिनियमों को लागू करने की आवश्यकता है।

सरकारी प्रेस सेवा ने श्मीहाल के हवाले से कहा, 'यह आने वाले वर्षों के लिए हमारे काम का दायरा है, जिसे हम करेंगे। हम समझते हैं कि इसे कैसे करना है।'

कुल मिलाकर, यूक्रेनी कानून के अनुपालन के लिए लगभग 28,000 यूरोपीय संघ के कानूनी कृत्यों का विश्लेषण किया गया है, और उनमें से लगभग 23,000 को सदस्यता वार्ता प्रक्रिया के दौरान कार्यान्वयन की आवश्यकता नहीं है, शिमहल ने कहा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि यूक्रेन पहले ही 1,625 ईयू-अनुपालक कानूनी कृत्यों को अपना चुका है।

घर लौटे तमिलनाडु के 10 मछुआरे, ब्रिटेन में हुए थे गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। तमिलनाडु के करीब 10 मछुआरों को रविवार को भारतीय तटरक्षक को सौंप दिया गया जिन्हें इस महीने की शुरुआत में हिंद महासागर में ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र (बीआईओटी) के पास से गिरफ्तार किया गया था। मछुआरों पर मुकदमा चलाया गया और उनपर 60,000 पाउंड स्टर्लिंग का जुर्माना लगाया गया था। रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि मछुआरे बीआईओटी के पास लगभग 230 समुद्री मील गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के क्षेत्र में गए थे।

बीआईओटी 58 द्वीपों का एक द्वीपसमूह है जो समुद्र के लगभग 6,40,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में है। यह क्षेत्र एक ब्रिटेन प्रवासी क्षेत्र है, जो पूर्वी अफ्रीका और इंडोनेशिया के बीच लगभग आधे रास्ते में स्थित है और इसका नियंत्रण ब्रिटेन के पास है।

बयान के अनुसार, मछुआरों को छह दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। उन पर बीआईओटी में मुकदमा चलाया गया और 60,000 पाउंड स्टर्लिंग का जुर्माना लगाया गया। इस संबंध में 14 दिसंबर को विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय के हिंद महासागर निदेशालय को सूचना दी गई।

इसमें कहा गया है कि जुर्माना नहीं चुकाने पर मछुआरों की नाव जब्त कर ली गई है और चालक दल के 10 सदस्यों को रिहा कर दिया गया है। मछुआरों के पास जुर्माना भरने के लिए 12 दिसंबर से 11 जनवरी 2024 तक 30 दिन का समय है।

बयान में कहा गया है कि उन्हें बीआईओटी के गश्त लगाने वाले जहाज 'ग्रैम्पियन एंड्योरेंस' पर विझिनजाम लाया गया और समुद्र में भारतीय तटरक्षक जहाजों 'अर्नवेश' और 'सी 427' को सौंप दिया गया।

संसद घुसपैठ कांड : पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग, राजस्थान से जले हुए मोबाइल बरामद

नई दिल्ली। संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपियों का राजस्थान से कनेक्शन सामने आया है। दिल्ली पुलिस की जानकारी के मुताबिक आरोपियों के फ़ोन नागौर जिले में जले हुए मिले हैं। मुख्य आरोपी ललित झा की निशानदेही पर आग में जलाये गए फोनों को बरामद किया गया है। आगे की छानबीन की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस आरोपियों के कनेक्शन के बारे में छानबीन कर रही थी। बीते

कई दिनों से आरोपियों के मोबाइल के बारे में जानकारी जुटा रही थी। दिल्ली पुलिस मुख्य आरोपी ललित झा की निशानदेही पर नागौर पहुंची लेकिन वहां जो कुछ हाथ लगा वो जली हुई हालत में मिला। आरोपियों के मोबाइल आग के हवाले कर दिए गए थे। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल के पार्ट्स बरामद कर लिए हैं और उसे सीज कर दिया है। पुलिस सबूत के आधार पर जानकारी जुटा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम शनिवार को ललित झा को राजस्थान के नागौर ले गई जहां वह आरोपी महेश कुमावत की मदद से रुका था। जले हुए मोबाइल फोन मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने 13 दिसंबर को दर्ज एफआईआर में धारा 201 (साक्ष्य नष्ट करना/साक्ष्य गायब करना) सहित आईपीसी की और धाराएं जोड़ने का फैसला किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कड़े यूएपीए के तहत आतंकवाद के आरोप दर्ज किए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि झा और कुमावत ने मामले से संबंधित तकनीकी सबूत छिपाने के लिए जानबूझकर मोबाइल फोन नष्ट कर दिए। दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में कथित संलिप्तता के लिए अब तक छह लोगों - सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है। दो व्यक्ति - सागर शर्मा और मनोरंजन डी - शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कूद गए, कनस्तरों से पीला धुआं छोड़ा और नारे लगाए, इससे पहले कि सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया।

गाजा में इस्राइल का हवाई हमला जारी, अमेरिका के मानवीय समूह से जुड़े एक कर्मचारी की मौत

येरुशलम। इस्राइल-हमास संघर्ष दो महीने से अधिक समय से जारी है। जहां एक तरफ फलस्तीन संघर्ष को रोकने का समर्थन मांग रहा है, तो वहीं इस्राइल की जवाबी कार्रवाई और कड़ी होती जा रही है। इस्राइल ने हमास के आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। इस बीच खबर आ रही है कि गाजा में इस्राइल द्वारा किए गए हवाई हमले में अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) का एक कर्मचारी मारा गया। इसकी जानकारी कर्मचारी के साथ ही काम करने वाले एक शख्स ने दी है। वहीं, यूएसआईडी ने जंग के दौरान मानवीय कर्मचारियों की सुरक्षा का आग्रह किया है।

इन लोगों की हुई मौत

अमेरिका स्थित मानवीय समूह ग्लोबल कम्युनिटीज ने बताया कि पांच नवंबर को गाजा पर इस्राइल ने हवाई हमला किया था, जिसमें 33 साल के हानी जेना, उनकी पत्नी के अलावा दो और चार साल की दो बेटियां तथा परिवार के अन्य सदस्य मारे गए।

एक घर में ली थी शरण

अमेरिकी एजेंसी ने कहा कि इंटरनेट-प्रौद्योगिकी कार्मचारी जेना ने हवाई हमलों से बचने के लिए अपने परिवार के साथ गाजा सिटी में एक घर में शरण ली हुई थी, लेकिन जेना और उनका परिवार हमले से बच नहीं सका।

मेरी बेटियां डरी हुई

एक रिपोर्ट के अनुसार, जेना ने एक सहकर्मी को संदेश भेजा था जिसमें उन्होंने लिखा था, 'मेरी बेटियां डरी हुई हैं और मैं उन्हें शांत रखने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन ये बमबारी भयावह हैं।'

निर्दोष नागरिकों की मौत पर दुख

यूएसएआईडी की प्रवक्ता जेसिका जेनिंग्स ने शनिवार को कहा कि यूएसएआईडी समुदाय इस लड़ाई में निर्दोष नागरिकों और हानी जेना जैसे साहसी व्यक्ति सहित मानवीय सहायताकर्मियों के मारे जाने पर बहुत दुख है।

'ओमिक्रॉन' की दोबारा हुई दस्तक

नई दिल्ली। केरल में कोविड का जो बदला हुआ स्वरूप मिला है वह ओमिक्रॉन की फैमिली का पाया गया है। फिलहाल शुरुआती दौर में वायरस की सीक्वेंसिंग के बाद इस बात की पुष्टि हुई है। उसके बाद केरल से लेकर आसपास के राज्यों समेत पूरे देश में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट मोड पर आ गया है। वायरस के बदले हुए स्वरूप की गंभीरता को जांचने के लिए रोजाना की सर्विलांस को और ज्यादा बढ़ा दिया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि एनजे.1. नाम के इस बदले स्वरूप की गंभीरता का आकलन किया जा रहा है। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने केरल में मिले इस नए बदले हुए स्वरूप वाले वायरस को लेकर रविवार को एक बैठक की।

केंद्र सरकार ने बढ़ाई निगरानी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के



कोविड मामलों की मॉनिटरिंग के लिए पहले गठित की गई कमेटी के सदस्य डॉक्टर एनके अरोड़ा कहते हैं कि जो एनजे.1. वैरिएंट मिला है वह ओमिक्रॉन फैमिली का है। उनका कहना है कि जिनोम सीक्वेंसिंग के साथ इस बात की पुष्टि हो गई है कि यह ओमिक्रॉन के बदले स्वरूप से ही आगे बढ़ा है। डॉक्टर अरोड़ा कहते हैं फिलहाल केरल में मिले पहले मामले के बाद अब रोज होने वाली सर्विलांस को बढ़ा दिया गया है। उनका कहना है कि अगर कोई ऐसा वायरस खतरनाक स्थिति में पहुंचता है तो सर्विलांस के माध्यम से ही उसकी गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। डॉक्टर अरोड़ा के मुताबिक फिलहाल ओमिक्रॉन के बदले हुए स्वरूप की कोई गंभीरता नजर नहीं आ रही है। बावजूद इसके सजगता बेहद जरूरी है।

फिलहाल नए वैरिएंट से खतरा नहीं

डॉक्टर एनके अरोड़ा कहते हैं कि ओमिक्रॉन की मौजूदगी भी कभी डेल्टा जैसी खतरनाक नहीं रही। शुरुआती दौर में यही माना जाता है कि उसके बदले हुए वैरिएंट भी उतने खतरनाक नहीं होंगे। लेकिन इसके लिए बेहद जरूरी है कि जिनोम सीक्वेंसिंग के साथ-साथ मरीज के संपर्क में आए लोगों की हालत पर नजर रखी जाए। वह कहते हैं कि अगर मरीज के संपर्क में आए लोगों को अस्पतालों में दाखिल करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। कोई कैजुअल्टी नहीं हो रही है। या फिर तीन से चार दिन के भीतर सामान्य जुकाम बुखार जैसे लक्षणों के बाद संपर्क में आए व्यक्ति की हालत ठीक हो रही है तो न डरने की बात है और ना ही गंभीरता का मामला है। फिलहाल एनजे.1. में इस तरीके की कोई गंभीरता नजर नहीं आ रही है।

वहीं केरल में कोविड वायरस के हुए नए म्यूटेटेड वैरिएंट के मिलने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे मामले में स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट मोड पर है।

कोरोना के मामलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी

तापमान में गिरावट के साथ ही कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों में भी बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। बीते छह माह में पहली बार एक दिन में 300 से ज्यादा कोरोना संक्रमित मिले हैं, जिसके चलते देश में कोरोना के सक्रिय यानी उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी एक हजार का आंकड़ा पार कर गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते दिन देश में कोरोना से संक्रमित 312 मरीज अलग-अलग राज्यों में मिले हैं। यह संख्या इस साल 31 मई के बाद सामने आई है। फिलहाल देश में सक्रिय यानी उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,296 हो गई है।

न्यूज गैलरी

दो सटोरिए गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार 16 दिसंबर को गुढियारी पुलिस ने दो सटोरियों को पकड़ने में सफलता पाई है।

पहला मामला कलिंग नगर सुलभ शौचालय के पास रेड कार्यवाही कर सट्टा पट्टी लिखते मुकेश कुमार पिता दुकलहा राम (30) साकिन बडा अशोक नगर सरकारी स्कुल को गिरफ्तार किया। उसके पास से नगदी रकम 4000/- रुपए एवं सट्टा पट्टी जप्त की। इसी तरह सटोरिया टोमन साहू पिता गंगाराम साहू (32) साकिन बडा अशोक नगर दुर्गा चौक के पास से नगदी रकम 5100/-रुपए एवं सट्टा पट्टी जप्त की। सटोरियों के विरूद्ध थाना गुढियारी में क्रमशः अपराध क्रमांक 563/23, 564/23 धारा 6 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

हेरोइन के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीर नगर पुलिस ने मुखबीर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए हीरापुर स्थित यदुवंशी चौक पास हेरोईन (चिट्टा) के साथ 4 आरोपियों को पकड़ा। यह कार्रवाई एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल तथा थाना कबीर नगर पुलिस टीम की संयुक्त टीम ने की। उनके कब्जे से 15 ग्राम हेरोईन (चिट्टा) कीमती 1,50,000/- रूपये किया गया है जप्त। आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 246/2023 धारा 22 (क) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों में सेवा सिंह पिता मनजीत सिंह (28) निवासी एल.आई.जी. 2326 सरदार प्रोविजन स्टोर के पास हीरापुर, उमेश यदु पिता प्रभुलाल यदु (32) निवासी उड़ता हनुमान मंदिर पास हीरापुर, हरप्रीत सिंह पिता कुलदीप सिंह (28) निवासी वीर सावरकर नगर हीरापुर और शुभम मिलन पिता प्रदीप मिलन (28)निवासी आर.डी.ए. कालोनी हीरापुर थाना कबीर नगर रायपुर निवासी शामिल हैं।

5 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीर नगर थाने के हीरापुर स्थित वीर सावरकर नगर में 5 किलो गांजे के साथ दो आरोपी को शनिवार 16 दिसंबर को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल तथा थाना कबीर नगर पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही की। आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 245/2023 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध किया गया है।

51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में स्वाहा की ध्वनि से गूंजा स्थल

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषी नगर रायपुर एवं रायपुर महानगर के गायत्री परिजनों के सहयोग से दिनांक 15 से 18 दिसम्बर 2023 तक दशहरा मैदान, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा रायपुर में आयोजित हो रहे 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में दूसरे दिन शनिवार को हजारों लोगों ने यज्ञ कुंडों में प्रज्जवलित अग्नि में वैदिक मंत्रो के साथ शाकल्य की आहुतियां अर्पित की। इस महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिये सुबह से ही क्षेत्रवासियों का सैलाब उमड़ पड़ा एवं ज्योंही आहुतियों का क्रम प्रारंभ हुआ स्वाहा की पवित्र सामूहिक ध्वनि से सारा यज्ञ पंडाल गूंज उठा। गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, सूर्यदेव एवं नवग्रह मंत्रों की आहूतियों का क्रम तीनों पारियों में चला जिसकी पूर्णाहूति दोपहर एक बजे हुई। कार्यक्रम संयोजक श्री रामकृष्ण साहू एवं जिला समन्वयक श्री लच्छूराम निषाद ने बताया कि प्रातः 08:30 बजे हरिद्वार शांतिकुंज से आए टोली प्रमुख श्री योगेश पटेल ने अपनी टोली के साथ देव मंच से गुरु वंदना, व्यास वंदना के बाद सभी देवी-देवताओं एवं

ऋषि-महर्षियों का आह्वान करवाया। वेद मंत्रों के साथ यज्ञ प्रक्रिया को प्रारंभ करने के क्रम में सबसे पहले यज्ञ मंडप के सभी दिशाओं पूर्व, अग्नि, दक्षिण, नैऋत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर, ईशान सहित आकाश एवं धरती तत्व में अक्षत अर्पित कर पूजन कराया गया। मंडप के चारों और स्थापित तत्व वेदियों एवं पंचतत्व का भी साधकों द्वारा जोड़े के साथ विधिविधान से पूजन करवाया गया। इसके पश्चात 33 कोटि देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए सप्तऋषियों में महर्षि गौतम, भारद्वाज, विश्वामित्र, कश्यप, अगस्त्य, वशिष्ठ एवं अत्रि का आह्वान हुआ एवं साधकों से वेद मंत्रों के साथ इनकी पूजा-अर्चना करवाई गई। ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र एवं अन्य देवों के साथ ही नव ग्रहों को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। पूजा विधि संपन्न होने के बाद हवन कुण्डों पर बनाई गई पवित्र सफेद लाल और काली मेखलााओं का पूजन किया गया। हवन में समिधाओं के साथ जड़ी बूटियों से निर्मित शाकल्य को यज्ञ कुण्ड में अर्पित किया गया। इसके बाद देव मंच से यज्ञ कुण्डों में अग्नि प्रज्वलित करने का आव्हान होते ही वेद मंत्रों के साथ आहूतियों का क्रम चला तो स्वाहा की पवित्र ध्वनी से संपूर्ण यज्ञ पंडाल गूंजायमान हो गया। इसी के साथ देव मंच से लगातार गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न प्रकार के संस्कारों के बारे में ज्ञान की गंगा प्रवाहित होती रही। इससे पूर्व प्रातः 6 बजे ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग से महायज्ञ कार्यक्रम के आयोजन की शुरुआत हुई। यज्ञ स्थल में पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी द्वारा चलाये गये सप्तसूत्रीय आंदोलन - साधना, स्वाध्याय, शिक्षा, स्वावलंबन, पर्यावरण, नारी जागरण, व्यसन मुक्ति-कुरीति उन्मूलन पर विशाल प्रदर्शनी एवं आचार्य जी द्वारा रचित साहित्यों के विक्रय हेतु काउंटर का भी उद्घाटन किया गया। दोपहर 01 बजे भोजन प्रसाद दोपहर 2:30 बजे से कार्यकर्ता गोष्ठी प्रारंभ हुई। दोपहर 03 से 05:30 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा शाम 05:30 सक 07:30 बजे तक नारियों जागों स्वयं को पहचानों पर प्रवचन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

विस सत्र में पेश होगा 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद पहली तीन दिवसीय शीतकालीन विधानसभा सत्र 19 दिसंबर से प्रारंभ होने वाला है। वहीं सरकार पहले सत्र में 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाएगी. यह अनुपूरक बजट 3 योजनाओं के लिए पेश होगा. शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश करेंगे. जिसमें किसानों के 2 साल के बकाया बोनस के लिए 2500 करोड़ रुपये, पीएम आवास योजना के लिए 3 हजार करोड़ रुपये, महतारी वंदन योजना के लिए 500 करोड़ का अनुपूरक बजट होगा।

10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा मार्च के प्रथम सप्ताह में होगी शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड परीक्षाएं मार्च के प्रथम सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। इसके लिए माशिमं समय सारिणी तैयार करने में जुटा है। मुख्य परीक्षा से पहले जनवरी में प्रैक्टिकल परीक्षाएं होंगी।

मुख्य परीक्षा के लिए 5 लाख 97 हजार से अधिक नियमित विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। 10वीं में 3,42,467 नियमित विद्यार्थी पंजीकृत हुए है। 12वीं में नियमित विद्यार्थियों की संख्या 2,54,850 पहुंची है। 13 हजार विद्यार्थी प्राइवेट रूप से परीक्षा देंगे। यह अनुमान इसलिए लगाया जा रहा हैं क्योंकि, शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 के लिए हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं मार्च में आयोजित की गई थी। इसी आधार पर उम्मीद जताई जा रही है कि साल 2024 में भी ऐसा ही होगा। इसके साथ ही 10वीं, 12वीं की एग्जाम की डेटशीट भी जल्द रिलीज कर दिया जाएगी।

एम्स में मेडिकोलीगल एक्सपर्ट का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में मेडिकोलीगल एक्सपर्ट का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन एफएमटीएमपीसीजी कान-6 आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को केस बेस्ड प्रजेंटेशन और पोस्टमार्टम के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया जाएगा। राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मेडिकोलीगल एक्सपर्ट दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन एफएमटीएमपीसीजी कान-6 का आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को फारेंसिक मेडिसिन और विष विज्ञान के विशेषज्ञों ने फारेंसिक साइंस के क्षेत्र में आ रहे बदलावों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।विशेषज्ञों ने कहा कि आपराधिक मामलों को मनोविज्ञान और फारेंसिक साइंस की मदद से ज्यादा आसानी के साथ सुलझाया जा सकता है। एम्स के एफएमटी विभाग के तत्वावधान

में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में देशभर के प्रमुख फारेंसिक साइंस विशेषज्ञ शामिल हुए हैं। इसमें क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन में मनोविज्ञान की भूमिका, पोस्टमार्टम में माइक्रोबायोलाजी की मदद से विश्लेषण, नवीन रेडियोलाजी तकनीक, अंग प्रत्यारोपण के नीतिगत और विधिक पक्ष, हिमोरेजिक और पाइजनिंग से होने वाली मृत्यु की जांच में फारेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका के बारे में बताया गया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से फारेंसिक विशेषज्ञ डॉ. राघवेंद्र विद्वा और डॉ. एसआर गर्ग शामिल हुए। एम्स में एफएमटी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णदत्त चावली ने बताया कि मेडिकोलीगल के विभिन्न मुद्दों के बारे में चिकित्सा विशेषज्ञों में जागरूकता बढ़ाने और मेडिकोलीगल प्रेक्टिशनर्स को नवीनतम तकनीक और तथ्यों के बारे में जानकारी देने के लिए कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में अधिष्ठाता (अनुसंधान) प्रो. सरिता अग्रवाल, डा. दीपक डिसूजा, डा. स्वप्निल आघाड़े, डॉ. पंकज घोरमडे आदि मौजूद थे।

कलिंगा विवि में एचआईवी/ एड्स पर कार्यशाला संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विवि के फार्मेसी संकाय ने विश्वविद्यालय परिसर में एचआईवी/ एड्स पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण आयोजन फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ. संदीप प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सत्र का उद्देश्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम के बारे में जागरूकता पैदा करना और एचआईवी/एड्स से संबंधित भेदभाव को कम करना था। बी.फार्मेसी, डी. फार्मेसी, फार्म.डी. और एम. फार्मेसी सहित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के छात्रों ने बड़ी संख्या में समूह चर्चा और पोस्टर प्रस्तुतियों जैसी आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग

लिया। पूरे कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का सुचारू समन्वय सुदीप मंडल, सुश्री दीप्ति पाल और सुश्री स्मिता सुथार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन के बाद, सभी योग्य प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। समूह चर्चा के लिए प्रथम पुरस्कार से सुश्री अमीनु गरबा, द्वितीय पुरस्कार पीयूष, और तृतीय पुरस्कार आयुष, (सभी बी.फार्म के छात्रों) को पुरस्कृत किया गया। पोस्टर प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार अंजना और द्वितीय पुरस्कार श्रेया (फार्म डी की छात्राएं) और तृतीय पुरस्कार सुश्री शुविज्ञा भारद्वाज, बी फार्म की छात्र को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला का समापन सुदीप मंडल के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

संपादकीय

संसद में सेंध...राजनीति अनुचित

13 दिसंबर को संसद में हुए स्मोक अटैक की घटना को लेकर विपक्ष को सरकार से सवाल करने का पूरा अधिकार है। लेकिन इस संवेदनशील मामले को लेकर विपक्ष के कुछ नेता जो राजनीति कर रहे हैं वह कतई उचित नहीं है। यह ठीक है कि संसद में जो हुआ उसने संसद की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है और इसे लेकर विपक्ष का विरोध स्वभाविक है। किन्तु विपक्ष ने लक्ष्मण रेखा लांघ कर संसद में सत्र के दौरान इस कदर हंगामा खड़ा किया कि 14 सांसदों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करना पड़ गया। सांसदों के निलंबन को लेकर विरोध जताया जा रहा है। जिसके चलते दो दिनों तक सदन की कार्रवाई बाधित हुई है। बहरहाल जो हुआ शो हुआ लेकिन अब सोमवार से शुरू हो रही संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी हठधर्मिता छोड़नी चाहिए। ताकि संसद में इस मामले पर भी गंभीर चर्चा और देश व दुनिया में संदेश जाए। संसद की सुरक्षा में लगी सेंध के मामले के प्रति पूरा देश गंभीर है। इसके अलावा इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक भी पेश किए जाने है उन पर भी सार्थक चर्चा होनी चाहिए। संसद का हगांमों की भेंट चढ़ना देश हित में नहीं है। रही बात संसद की सुरक्षा को तार-तार करने वाले आरोपियों की तो उनके खिलाफ उच्च स्तरीय जांच जारी है और इस जांच के दौरान कई चौकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। यह भी पता चला कि सदन के भीतर एक आरोपी आत्मदाह करना चाहता था। यदि ऐसा हो जाता तो मामला कितना गंभीर हो जाता इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। विपक्ष को चाहिए कि वह जांच होते तक इस मामले को अधिक तुल ना दें और ऐसे बयान तो हरगिज न दे जो ऐसे अराजक तत्वों का हौसला बढ़ाते हो। पहले पहल लोकसभा में कांग्रेस ससंदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन अराजक तत्वों का बचाव करते हुए यह बयान दिया था कि देश में बढ़ती बेरोजगारी से युवा बेहद परेशान है और उनका सरकार के खिलाफ गुस्सा संसद में निकला है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी संसद की सुरक्षा में हुई चूक के लिए बेरोजगारी और महंगाई को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। आज देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है यह देश भर में उबल रहा है। नीश्चित रूप से राहुल गांधी का यह बयान अराजक तत्वों के लिए कवच की तरह है। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने भी इस मामले को लेकर बेहद विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने आरोपियों को भटके हुए नौजवान करार दिया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी इसी तरह का बयान दिया है। इसमें कोई दोमत नहीं। आज देश में बेरोजगारी, महंगाई विकट समस्या बन गई है। लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं है कि बेरोजगारी से त्रस्त युवा संसद में घुस जाए और वहां दहशत फैलाए। विपक्ष के नेताओं को इस संवेदनशील मुद्दे पर ऐसी राजनीति नहीं करना चाहिए और ऐसे विवादास्पद बयानों से बचना चाहिए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करें ताकि भविष्य में फिर कोई अराजक तत्व ऐसी घटना की पुर्नावृत्ति करने का हौसला ना जुटा पाए, लेकिन ये विपक्षी नेता ऐसी कोई मांग नहीं कर रहे हैं। उलटे आरोपियों का अप्रत्यक्ष रूप से बचाव कर रहे हैं। बेहतर होगा इस मामले पर राजनीति अब बंद की जाए।

घासीदास बाबा मानवता के मुक्तिदाता

डॉ. गुलाब चंद कुसुम

दुनिया के सब्बो प्राणी म श्रेष्ठ मनखे ल कहे जाथे काबरके ओमा विवेक होथे। चिंतन आउ जिज्ञासा के खातिर नये नये खोज आउ शोध होवथे। लोगन मन चंद्रमा ल खोज डारीन त मैय का सतनामी समाज ल नई खोज पाहूँ। एकरे खातिर महु हर गुरु घासीदास बाबा के जीवन चरित्र ल खोजे के काम करेंव। मोर मन म आइस के आखिर सत्य आय का, सतनाम काला कथे? एकर खोज कोन करिस, सतनामी आय कोन। सोचे आउ खोजे म पता चलीस के सत्य तो सच्चा आय त सतनाम मतलब सच्चा नाम होना चाहि। मैहर खुद सतनामी समाज के आंव त मोर मन म एला खोजे के जिज्ञासा होइच।

मैहर बहुत झन संत, महंत आउ जागरूक मनखे मन ल पूछेव। त पता लगिस के कोनो सतनाम ल सतपुरुष कथे, त कतको झन मन सच बोले ल सतनाम कथें। एकरे अधार म सत् के आचरण करोइया मन ल सतनामी कहे जाथे। एकर इतिहास आय का, गुरु घासीदास आय कोन। का खातिर एला आतेक महत्व डेथन। खोजे म पता लगिस के छत्तीसगढ़ के पावन माटी गिरोद म एक आईसन महापुरुष जनम लिस जेहर सतनाम के खोज करिस आउ ओकर रद्दा म चलोइया मन ल सतनामी कहे जाथे। ओकर जनम के बारे म कहे जाथे - अमरौतीन के कोरा मा, आउ छत्तीसगढ़ के माटी मा। गिरोदपुरी के छाती मा, गुरु जनम धरे गुरु जनम धरे।

सन् 1756 आउ, अगहन पुरनमासी।
सोमवार के दिन, जम्मो जोग समन सुखरासी।
कुकरा बासत बेरा, ओहि दिन जनमय घासी।
सतनाम के बीडा देवे, छोडिस् जनम के फांसी।।

भारत के प्राचीन इतिहास म सतनामी ब्राह्मण के जिक्र होथे। एंकर सभ्यता संस्कृति अउ खानी बानी के भारतीय इतिहास म बड़ महत्व रहिस। नारनोल के सतनामी विद्रोह के चर्चा आज घलो होथे। जेमा नारनोल के सतनामी मन वीरभान ,उदादास अउ संत जोगीदास के नेतृत्व म औरंगजेब के शाही सेना के छक्के छुड़ाए रहिस।बाद म औरंगजेब के तोप के सामने सतनामी मन ल पराजय के सामना करे ल परिच। अउ पुरा सतनामी समाज औरंगजेब के दमनकारी नीति ल कबुल करे के बजाय उँहा ले पलायन करके पंजाब, असम,नागपुर,दिल्ली,उड़ीसा के काला हांडी,छत्तीसगढ़ सहित भारत के सात भूभाग म आ बसिच जेला आज अलग अलग कई नाम से जाने जाथे। उही समय म वर्तमान जिला बलोदा बाजार ,तहसील बिलाईगढ़ के गांव गिरौद म एक परिवार आ बसिच। चारो तरफ सघन वन अउ गिरि के उदर म स्थित होये के खातिर गांव ल गिरौद कथें।उही परिवार म माता अमरौतिन अउ पिता महंगू दास के घर एक बेटा जन्मिस जेहा घासीदास कहे जाथे। वोकर चरित के बारे मे का कहौ,काला कहौ, कईसे कहौ सूरज के आघु म दिया जलाये के का काम। वो समय देश सामंती अउ अंग्रेजी शासन के आतंक के शिकार रहिस। बाबा जी जुल्म, शोषण अउ आतंक ले समाज ल उबारे खातिर आर्थिक मुक्ति, सामाजिक मुक्ति अउ धार्मिक मुक्ति के आंदोलन 1820 म चलाये रहिस जेला सतनाम आंदोलन कहे जाथे।

घासी गुरु के जगमग जोति,
दिया जलाये के का काम।
सतनाम के जोत जलत है,
सतनामी के घर हे पहिचान।
वचन बियालिस,सत सिद्धान्त,
आदेश बारा गुरु महान।
जानै, छाने जे माने,
उही असल सतनामी मान।
का देखत हों मैहर संगी,
झुठनामी के भीड़।
धरम करम के जाल म फसगे,
बाबा जेला बरजिस।।

बाबा जी जीवन के उद्देश्य अउ सार्थकता के खातिर ,28 जून 1820 म गृह त्याग करिस अउ।छाता पहर म छै महीना के साधना म जीवन के सच्चाई ल जानिस। वोहर गौतम बुद्ध के अनुयायी रहिस। वोकर सत सिद्धांत सात शील कहे जाथे। ये सिद्धांत 07 ये हे -

1 जीव हत्या झन करबे। 2 झूठ लबारी ले दूर रहौ। 3 चोरी झन करिहौ। 4 नशापान झन करबे। 5 ब्यभिचार झन करिहौ। 6 गाय भैस ल नांगर झन फाँदबे। 7 मंझनिया खेत मत जोतबे।

गुरु घासी हर समता मूलक समाज खातिर जीवन भर संघर्ष करिच। वोकर सतनाम आंदोलन म छै हजार सवर्ण मन सतनामी बनीन। 1848 के तेलासी गांव म अभूतपूर्व ये घटना घटिच। तभे तो कहे गए हे- ब्राम्हण, क्षत्रिय,बनिया,शुद्र, चारो बरन के लोग। सब बनीन सतनामी, छोड़िन भेद भरम के रोग। गोंड,कंवर,कोरी, चमरा, मेहरा,मोची। राउत अउ रोहिदास,तेली, सतनाम ल सोचिन।।

बाबा हर आत्मा के शुद्धि बर आदमी ल जाग्रित करिच खानी बानी ल शुद्ध राखव शरीर ल मंदिर मानव अउ आत्मा ल परमात्मा । बाबा जी कहे हे।

सादा सादा खाना, अउ सादा सरल रहना हे।
काया ल बिगाड़े तइसे, खाना पीना तजना हे।।

बाबा जी के याद ल जीवंत बनाय रखे बर फागुन पंचमी से सप्तमी तक गिरौद म तीन दिन के विशाल मेला भरथे जेला छत्तीसगढ़ के महाकुंभ कहे जाथे। इंहा एक दिन म जतका आदमी आथे वोतका तो पन्द्रह दिन म शिवरीनारायण म नई आवय।

हजारों भुइँया नापे, लाख मनाये मनौती।
करोडों आस्था लेके आये, नर नारी सब संगी।
गिरोदपुरी के मेला, आउ मनखे मन के रेला।
विश्वास नइये जेला, जाके देखव मेला।।

मान्यता हावय इंहा बाबा जी साक्षात बिराजे हे दुखी,भूखी सब के मुराद पूरा होथे । कोनो खाली हाथ नई आय। बाबा जी ल छत्तीसगढ़ के बुद्ध कहे जाथे तभे तो देश अउ विदेश ले आदमी बाबा के दरस बर आथे।

डॉ. संजय शुक्ला

गौरतलब है कि अक्षर ज्ञान न होते हुए भी गुरू घासीदास के संदेशों में व्यवहारिक ज्ञान का विद्वतापूर्ण भाव नीहित है, यह भाव ही गुरू घासीदास को सद्गुरू की उपमा से अलंकृत करती है। गुरू घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों में मानव समाज के सभी आयामों व विशयों में अनुषासन तथा शुचिता के भाव विद्यमान है। इसके साथ ही उनके विचारों में शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक अनुषासन के उपाय भी नीहित है, इसीलिए संत गुरू घासीदास के संदेशों को सतनामी समाज ही नहीं वरन् छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज ने आत्मसात किया है। बहरहाल आधुनिक परिवेश में जब देश व समाज में नैतिक मूल्यों का लगातार क्षरण हो रहा हो तब गुरू घासीदास के सिद्धांत एवं उपदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं। जयंती अवसर पर गुरू घासीदास बाबा को शत-शत नमन।

समता मूलक समाज के प्रणेता गुरू घासीदास

प्राचीनकाल से ही भारत समूची दुनिया में अपने नैतिक मूल्यों के लिए ख्यात रहा है। इस देश में अनेक महापुरूष हुए हैं जिन्होंने अपने सिद्धांतों व आदर्शों से भारत ही नहीं वरन् विश्व समाज का पथ प्रदर्शन किया है। इन्हीं महापुरूषों में से एक संत गुरू घासीदास बाबा हुए जिनका जन्म छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के गिरौदपुरी के पावन भूमि में 18 दिसंबर 1756 को हुआ उन्होंने ''सतनाम पंथ'' की स्थापना की। सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरूघासी दास बाबा के पिता का नाम महंगूदास एवं माता का नाम अमरौतिन था। ''मनखे-मनखे एक बरोबर'' रूपी सृष्टिसार संदेश देने वाले गुरूघासीदास बाबा के संपूर्ण जीवन दर्शन पर यदि आलोक डालें तो वे सहीं मायनों में संपूर्ण मानव समाज के आदर्श मार्गदर्शक प्रतीत होते हैं। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि यदि विश्व समुदाय उनके सिद्धांतों व संदेशों को यदि अपने में आत्मसात कर ले व जीवन, आचरण और व्यवहार में शामिल कर ले तो संपूर्ण विश्व समाज सामाजिक, आर्थिक व लैंगिक भेदभाव और सामाजिक विसंगतियों से मुक्ति पा सकता है। गुरूघासीदास के संदेश में जहॉं रूढ़िवाद, कुरीतियों, अंधविश्वास का प्रतिकार नीहित है वहीं उनके विचार नारी समानता, अहिंसा, व्यसन मुक्ति, सामाजिक, वैयक्तिक, नैतिक शुचिता और अनुशासन की सीख भी देता है। विचारणीय है कि पूरे देश में ''सतनाम पंथ'' के लाखों अनुयायी है तथा उन्होंने सतनामी समाज को रचनात्मक दिशा प्रदान की। परन्तु यह अकाट्य सत्य है कि गुरू घासीदास बाबा जैसे महापुरूषों को किसी भी धर्म, जाति या पंथ में सीमित नहीं किया जा सकता बल्कि वे सर्वसमाज के मार्गदर्शक और आस्था के व्यक्तित्व हैं। गुरू घासीदास के उपदेशों एवं वचनों के चिंतन से उनके प्रगतिशीलता एवं अनुभवजन्य विचारधारा की अनुभूति होती है। छत्तीसगढ़वासियों के लिए गुरू घासीदास बाबा एवं उनकी जन्मस्थली गिरौदपुरी धार्मिक श्रद्धा के केंद्र है। जनशुरुतियों के अनुसार गुरू घासीदास में अलौकिक शक्ति बाल्यकाल से ही रही है। साधु प्रवृत्ति का यह बालक कालांतर में सतनाम का उन्नायक बना, उन्हें वन्य जीवन से गहरा अनुराग था। उनका विवाह अंचल के प्रसिद्ध बौद्ध पुरातत्विक नगरी सिरपुर के अंजोरीदास एवं सत्यवती नामक दंपति की सुपुत्री सफुरा से हुआ था। उन्होंने 40 वर्ष की आयु में गृहस्थ जीवन त्याग दिया। गृहस्थ जीवन के त्याग के बाद सतनाम के मूल आधार ''सत्य'' से प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु वे छातागढ़ पहाड़ पर औंरा-धौरा वृक्ष के नीचे समाधि में ध्यानस्थ हुए। रज एवं तमोगुण से मुक्त सत्ववान घासीदास को सत्य का बोध होने के बाद उन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के लिए अर्पित कर दिया। कठिन तपस्या के पश्चात् गुरू घासीदास में चमत्कारिक शक्ति का अभ्युदय हुआ, इस शक्ति के द्वारा उन्होंने अंचल के जनमानस के रोग एवं शोक का निदान किया। उन्होंने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश हेतु यात्रा किया। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कॉंकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ, राजनांदगॉंव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे। इस दौरान गुरू घासीदास बाबा जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में ही उपदेश दिया करते थे।



गुरू घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों का प्रभाव इतना असरकारी था कि अन्य संप्रदाय एवं समाज के लोग भी उनसे गुरूदीक्षा लेकर उनके शिष्य बनने लगे। बाबा घासीदास की अध्यात्मिक ख्याति से तत्कालीन सामंतवादियों की चूलें हिलने लगीं। इन तत्वों द्वारा उनके अध्यात्मिक यात्रा में बाधा पहुँचाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन गुरू घासीदास इन बाधाओं से विचलित नहीं हुए तथा विघ्नसंतोशियों का दुश्चक्र सत्य के आगे बौना साबित हुआ। कालांतर में सतनाम के प्रर्वतक घासीदास जी ने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली निष्चित किया, वहॉं गुरूद्वारा का निर्माण कर जैतखंभ स्थापित किया गया, इस प्रकार भंडारपुरी भी आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। इतिहासकारों के अनुसार गुरू घासीदास का निर्वाण 20 फरवरी 1850 माना गया है। 17 वीं शताब्दी में मानवता का संदेष प्रचारित कर सर्वसमाज में सामाजिक क्रांति का प्रादुर्भाव करने वाले महान संत गुरू घासीदास के विचार एवं उपदेष 21 वीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक है, उनके विचारों में जहॉं पाखंड एवं व्यसनो का निशेध किया गया है वहीं नारी स्वतंत्रता, स्वालंबन तथा समान दर्जा का भाव भी मौजूद है। उनके प्रमुख उपदेशों ''सतनाम को मानो, मूर्तिपूजा मत करो, जीव हत्या मत करो, परस्त्री को माता मानो, शराब मत पियो, दोपहर में खेत मत जोतो।'' के मीमांशा से यह स्पष्ट है कि गुरू घासीदास के इन सात उपदेशों में भारतीय दर्षन एवं धर्म का सारांश नीहित है। हिंदू एवं जैन धर्माचार्यों ने जहॉं जीव हत्या, मांसाहार एवं षराब सेवन को वर्जित किया है, वहीं सत्यनाम, मूर्तिपूजा विरोध, जात-पात निशेध, कबीरपंथ के प्रमुख सिद्धांत हैं। इन उपदेशों में ''बहुजन हिताय बहुजन सुखाय'' का मूलमंत्र भी प्रतिध्वनित होती है। उनके रावटी में सदियों के अन्याय, अत्याचार एवं अनाचार से मुक्ति का प्रसंग भी शामिल है। गौरतलब है कि अक्षर ज्ञान न होते हुए भी गुरू घासीदास के संदेशों में व्यवहारिक ज्ञान का विद्वतापूर्ण भाव नीहित है, यह भाव ही गुरू घासीदास को सद्गुरू की उपमा से अलंकृत करती है। गुरू घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों में मानव समाज के सभी आयामों व विशयों में अनुषासन तथा शुचिता के भाव विद्यमान है। इसके साथ ही उनके विचारों में शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक अनुषासन के उपाय भी नीहित है, इसीलिए संत गुरू घासीदास के संदेशों को सतनामी समाज ही नहीं वरन् छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज ने आत्मसात किया है। बहरहाल आधुनिक परिवेश में जब देश व समाज में नैतिक मूल्यों का लगातार क्षरण हो रहा हो तब गुरू घासीदास के सिद्धांत एवं उपदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं। जयंती अवसर पर गुरू घासीदास बाबा को शत-शत नमन।

(लेखक, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में सहयक प्राध्यापक है।)

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2017 में आज ही के दिन राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में भारत ने 30 में से 29 स्वर्ण जीते थे। 2014 में 18 दिसंबर को ही सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 का सफल प्रक्षेपण हुआ था। 2008 में आज ही के दिन ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ था। 2007 में 18 दिसंबर के दिन ही जापान ने इंटरसेप्टर मिसाइल का परीक्षण किया था। 2005 में आज ही के दिन कनाडा में गृह युद्ध की शुरुआत हुई थी। 1997 में 18 दिसंबर के दिन ही भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयोग के लिए वाशिंगटन संधि संपन्न हुई थी। 1995 में आज ही के दिन अज्ञात विमान ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में हथियारों का जखीरा गिराया था। 1989 में 18 दिसंबर को ही सचिन तेंदुलकर ने अपना पहला वनडे मैच पाकिस्तान के विरुद्ध खेला था। 1988 में आज ही के दिन ऑस्ट्रेलिया ने महिला विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को 8 विकेट से हराकर लगातार तीसरी बार खिताब जीतने की हैट्रिक बनाई थी। 1973 में 18 दिसंबर के दिन ही इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना हुई थी।

QUIZ TIME

1) कौन सा संगठन पासपोर्ट टू अर्निंग पहल संचालित करता है?

2) अनवार-ए-सुहैली ग्रंथ किसका अनुवाद है?

3) कायदे आजम किसे कहा जाता है?

4) फलोद्यानों का स्वर्ग किसे कहा जाता है?

5) बाघ बकरी चाय के मालिक और निदेशक का नाम बताइए जिनका हाल ही में निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) यूनिसेफ (2) पंचतंत्र (3) मोहम्मद अली जिन्ना (4) सिक्किम (5) पराग देसाई

शब्द पहेली

शब्द सामर्थ्य -276

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 275 का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

आज का पंचांग

सूर्योदय:07:13, सूर्यास्त: 05:31, चन्द्रोदय:11:00, चन्द्रास्त: 22:01, अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु: हेमन्त, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल), मास मार्गशीर्ष, पक्ष शुक्ल, तिथि षष्ठी, नक्षत्र शतभिषा, योग वज्र, प्रथम करण बालव (17:33 तक) द्वितीय करण कौलव (28:22 तक)।

शुभ यात्रा दिशा पश्चिम-दक्षिण (पान का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम शतभिषा नक्षत्र के प्रथम द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (गो,सा, सी, सू) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य-धनु, चंद्र -कुम्भ, मंगल -वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध -धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु - मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र- तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि - कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु - मीन, केतु - कन्या।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहेगा। आप जिस कार्य को वृथा भाग-दौड़ वाला समझेंगे।

वृषः आज का दिन आपकी उम्मीद पर खरा उतरेगा। आज दिन के आरम्भ में घरेलू मामलों को लेकर लापरवाही करेंगे।

मिथुनःआज के दिन आपमें अध्यात्म के प्रति विशेष लगाव रहेगा। मन में धर्म के गूढ विषयों को जानने की जिज्ञासा रहेगी।

कर्कः आज दिन के आरंभ से ही सेहत में उतार-चढ़ाव आना शुरू हो जाएगा। इस वजह से दिनचर्या अस्त-व्यस्त ही रहेगी।

सिंहः आज का दिन बीते कई दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। पूर्व में मिली असफलताओं के चलते आज कार्य व्यवसाय के प्रति ज्यादा उत्साह नहीं रहेगा।

कन्याः आज के दिन आप व्यर्थ की उलझन में फंस सकते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र पर वाणी एवं व्यवहार का प्रयोग बहुत सोच-समझकर करें ।

तुलाः आज का दिन आपके लिए सामान्य फलदायक रहेगा। दिन के आरंभ में माता अथवा किसी अन्य परिजन से मतभेद हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। आप अपनी ही गलती से शत्रु वृद्धि करेंगे।

धनुःआज के दिन आप थोड़ी-बहुत मानसिक बेचैनी को छोड़ चैन से ही बताएं।

कुंभः आज के दिन आप का मन वर्जित कार्यों के प्रति सहज आकर्षित होगा। स्वभाव में भावुकता भी अधिक रहेगी।

मीनः आज का दिन आपके लिए हानिकारक रहेगा। आप किसी भी कार्य को पूरी तरह से देखे भाले बिना ही अपना निर्णय देंगे।

न्यूज गैलरी

लाभार्थियों को सशक्त बनाने की एक राष्ट्रव्यापी पहल : सरोज

दुर्ग। राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुभारंभ करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों को योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उन्हें सार्वजनिक जीवन में सशक्त बनाने की एक राष्ट्रव्यापी पहल है। सरकार देश की महिलाओं के साथ भी खड़ी है। पांच राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाई गई है । प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरुआत की थी। यह देश भर में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंच सके । लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा, लेकिन इह योजना से देश के सैंकड़ों छोटे शहर, विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं ।

23 से सेक्टर-7 में गीता महायज्ञ

भिलाई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गीता जयंती के पावन अवसर पर श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ द्वारा मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में गीता महायज्ञ का आयोजन 23 दिसंबर को किया जा रहा है। सेक्टर.7, एवेन्यू स्थित श्री श्री माताधाम मंदिर परिसर में उक्त आयोजन होगा। श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ सदस्यों द्वारा गीता महायज्ञ को संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के पदधिकारियों ने बताया कि गीता जयंती के अवसर पर गीता महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन श्रीश्री माताधाम मंदिर प्रांगण एवेन्यु. सेक्टर.7 में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 23 दिसंबर की सुबह 6 से 7 बजे तक नगर संकीर्तन होगा। इसके बाद सुबह 7 से 7.30 बजे तक पताका अविष्करण ध्वजारोहण किया जाएगा। दोपहर 1 बजे तक विष्णु सहस्त्र नाम स्त्रोत्र पारायण होगा। दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक नारायण सेवा भण्डारा का कार्यक्रम होगा।

बच्चों को किया कैंसर के प्रति जागरूक

पाटन। पूर्व माध्यमिक शाला दरबार मोखली में विद्यार्थियों को स्टाप कैंसर अभियान के तहत कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। भारत में तेजी से बढ़ने वाले कैंसर जैसे कि पुरुषों में मुख का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, पाचन संस्थान का कैंसर, गर्भाशय का कैंसर, और बच्चों में ब्लड कैंसर के प्रकार, लक्षण, कारण और उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को दी गई। प्रधान पाठक श्रीमती हीरा वर्मा सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

रामपुर में भूपेश ने किया आरती

कुम्हारी । गुरु घासीदास बाबा जी के जयंती की पूर्व संध्या में ग्राम रामपुर (चोरहा) में सतनामी समाज के द्वारा ढोल ताशे के साथ रथ यात्रा निकाली गई जिसमे समाज के पदाधिकारी सहित महिलाएं, पुरुष और युवाओं ने हिस्सा लिया। आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का समिति द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया। मंच से भूपेश बघेल ने बाबा घासीदास के अमृत वचन मनखे मनखे एक समान÷ के संबंध में संबोधित करते हुए कहा कि बाबा के इस अनमोल वचन से समस्त स्त्री, पुरुष, बच्चे वृद्ध में समानता का भाव साथ ही एक दूसरे के प्रति सम्मान और विश्वास का भाव उत्पन्न हुआ है । ढाई सौ साल पहले बाबा के वचन आज भी प्रासंगिक हैं और इससे सिर्फ सतनाम समाज ही नहीं वरन अन्य सभी समाज के लोगों के लिए भी यह एक अनमोल वचन है आज की राजनीति के संबंध में बोलते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए आपसी वैमनस्य और कटुता के भाव को परे रखते हुए परस्पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने समस्त ग्राम वासियों को गुरु घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई दी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि कुमार, कांग्रेस नेता रमाशंकर शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, राकेश कुर्रे आदि उपस्थित थे।

किसानों को हुआ 12 हजार के चक्कर में लाखों का नुकसान : भूपेश

पूर्व सी एम ने नवनिर्माणधींन कॉंग्रेस भवन का अवलोकन

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। छग के पूर्व सी एम भूपेश बघेल ने पाटन के स्व खूबचंद बघेल सभागार (कम्यूनिटी हॉल) अटारी में शनिवार को पाटन विधानसभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की अभी से आप लोग आगामी लोकसभा के चुनाव के लिये जुट जाएं। छग में भाजपा की सरकार बनते ही पत्नी पत्नी के बीच झगडे. होने लगे है।महिलाओ ने बारह हजार के चक्कर में किसानो को कर्जा माफी के लाखों रुपये का नुकसान करा दिया है ।अब निराश् होने की अवश्यकता नही है।संगठित होकर आप सब रहे । पाटन विधानसभा के जीत का श्रेय आप सभी कार्यकत्ताओं को जाता है।श्री बघेल ने आगे कहा की हम लोगो ने 90 विधानसभा चुनाव के दरम्यान 62 विधानसभा मे सरकारी कर्मचारियों के बैलट पेपर जीते है।पांच साल में विभिन्न

योजनाओं का लाभ आम जनता को भरपूर देने का प्रयास किया गया। आप लोग पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। यह वही जनता है जो पांच साल पहले 68 सीट का भारी बहुमत दिया था।लेकिन इस बार वही जनता 35 सीट दिया है।इस जनादेश को हम सबको स्वीकार करके जनता से जुड़कर कार्य करना होगा।कार्यक्रम का संचालन अस्वनी साहू व आभार प्रदर्सन ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार राजपूत ने किया।इस अवसर पर पाटन विधानसभा के चुनाव प्रभारी राजेंद्र साहू,ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, राजेश ठाकुर,प्रमोद सिंह राजपूत हेमंत देवांगन,जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई सिन्हा, नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष भूपेंद्र कस्यप,जिला पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष अशोक साहू, मनीष बंछोर, जवाहर वर्मा,महिला ब्लाक अध्यक्ष जगोत्री साहू, जयश्री वर्मा, उर्वसी वर्मा, खिलावन चन्दाकर, अजय सिंगौर, सन्तोष वर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, जनपद सदस्य खिलेस मारकण्डे, सुरेन्द्र बंछोर, अजय सिह राजपूत कल्लू, राजेन्द्र बल्लू राय, त्रिभुवन यदु, भागवत वर्मा सहित हजारो पाटन विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फाइनेंस कंपनी में निवेश कर जल्द रकम दुगना करने का देता था झांसा

13 लाख की धोखाधड़ी के मामले का खुलासा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर थाना पुलिस ने 13 लाख की धोखाधड़ी के मामलें का खुलासा किया है। आरोपी द्वारा फाईनेंस कम्पनी में निवेश कर जल्द रकम दुगना करने का झांसा देकर ठगने का काम किया जाता था. घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन एवं बैंक खाता के कागजात पुलिस ने बरामद किया है. परिक्षित चक्रवर्ती को असम से पकडा गया है. आरोपी को पकडने के लिए बकायदा पुलिस द्वारा असम में कैम्प भी लगाया गया था.जानकारी के अनुसार दिनांक 18.07.2023 को प्रार्थी गुलाब सोनकर ने थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दमन फाईनेंस कम्पनी धोलाखेड़ा चंडीगढ में पैसा निवेष कर ज्यादा फायदा का विज्ञापन फेसबुक में देखकर विज्ञापन में दिये गये संपर्क नंबर पर संपर्क किया और

दिनांक 04.01.2023 से दिनांक 19.06.2023 के मध्य अलग-अलग किश्तों में कुल 13,00,447 रूपये उनके खाते में ऑन लाईन जमा किया था. निवेश की अवधी पूर्ण होने के बाद भी रकम वापस ना कर धोखाधडी की गई. प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कार जांच में लिया था. आरोपी की पतासाजी के लिए एसीसीयू और भिलाई नगर पुलिस की एक टीम बनाई गई. गठित टीम द्वारा प्रार्थी गुलाब सोनकर से मामले के संबंध में मोबाईल नंबरों एवं निवेष हेतु जमा किये गये रकम से संबंधित बैंक खातों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। संबंधित मोबाईल नंबर एवं बैंक खाते का सायबर सेल की टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी चिन्हित किया गया। घटना में प्रयुक्त बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर जिला होजाई, असाम को होना पाये जाने से टीम को आरोपी की गिरफ्तारी हेतु जिला होजाई, असाम रवाना किया गया। टीम द्वारा होजाई में कैम्प कर घटना में प्रयुक्त मोबाईल नंबर के धारक परिक्षित चक्रवर्ती को घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी से उक्त घटना के संबंध मे पूछताछ की गई आरोपी ने छत्तीसगढ भिलाई के गुलाब सोनकर से भी 13 लाख रूपये दमन कम्पनी के नाम से निवेष करा कर रूपये दुगना करने के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। पकडे गये आरोपी के बैंक खाते की जॉच करने पर पाया गया की अन्य व्यक्तियों से भी पैसा दुगना कराने के लिए अपने खाते में जमा करा कर धोखाधड़ी की है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन, मोबाईल सीम कार्ड, बैंक खाता पासबुक जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में ए.सी.सी.यू. से प्र.आर. प्रदीप सिंह, चंद्रषेखर बंजीर, आरक्षक शौकत हयात खान, जुगनु सिंह, नरेन्द्र सहारे, जावेद खान, विक्रांत, महिला आरक्षक आरती सिंह एवं थाना भिलाई नगर से उप निरीक्षक मन्नू लाल यादव की उल्लेखनीय भूमिका रहीं।

फैला डायरिया, 34 बीमार, 5 भर्ती

नव प्रदेश संवाददाता

घरों में बांटी गई क्लोरीन की दवा, पानी का सैंपल लेकर भेजा गया लैब

भिलाई। खुर्सीपार के गौतम नगर में डायरिया फैल गई है. बडी संख्या में लोगों के बीमार होने की सूचना मिली है. यहां उल्टी दस्त के 34 मरीज मिले है. 5 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डायरिया फैलने की संभावना जताई जा रही है। रविवार को वार्ड 42 गौतम नगर खुर्सीपार में अचानक कई लोग बीमार पड गए. उल्टी दस्त की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे. खुर्सीपार पीएससी इंचार्ज डॉ. करण पंसारी, यूबीएमओ डॉ. पीएम सिंह, बीईई टीओ हितेंद्र कोसरे एवं विजय कुमार सेजुले ने क्षेत्र में किया. एएनएम के द्वारा सूचना मिलने पर क्षेत्र में पर्यवेक्षक केपाल एएनएम अर्चना साहू एवं मितानिनों के द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया गया है. सर्वे के दौरान उल्टी एवं दस्त के 34 मरीज का पंजीयन कर दवाई दी गई।

4 मरीजों को सिविल अस्पताल सुपेला एवं 1 मरीज को सेक्टर 9 अस्पताल रेफर किया गया. नगर निगम के द्वारा आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की गई और नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया. 315 घरों में क्लोरीन की गोली बाटी गई. साथ ही क्षेत्र से पीने के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया. बताया गया है कि कुल 34 मरीज मिले हैं जिसमें उल्टी दस्त के 6, दस्त के 26 मरीज और बुखार के 2 मरीज शामिल हैं।

झीट के खिलाडी राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे राज्य का प्रतिनिधित्व

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। ब्लॉक का ग्राम झीट मे लगातार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधितव् करने वाले खिलाडियों की संख्या बड़ रही है, खो खो की नर्सरी कहे जाने वाले पाटन ब्लॉक का ग्राम झीट इन दिनों खेल के छेत्र मे एक नई उचाई को छु रही है । हाल हि मे 5 खिलाडियों ने स्कूल नेशनल गेम्स राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधितव् किया है। इसी ऋम मे 4 और खिलाडियों का चयन 33 वी सब जूनियर(14 वर्ष) राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो करनाटक राज्य मे 13--17 तक आयोजित हो रही है, गौरतलब

है कि राजनंदगांव मे मे राज्य स्तरीय शिविर के लिए झीट के 8 खिलाडियों का चयन किया गया था 3-9 दिसंबर तक आयोजित किया इस शिविर मे खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं के द्वारा 4 खिलाडियों का राष्ट्र स्तर के लिए किया गया यह चारो खिलाडी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधितव् कर रहे है । चयनित होने पर छत्तरराम ठाकुर प्रधान पाठक, एडवेंचर क्लब अध्यक्ष पवन ठाकुर, सरपंच शशिकला सिन्हा,अंशु राजक जनपद सदस्य, अलखराम सिन्हा, राजू साहू, रोहित साहू, प्रशिक्षक चेतन यादव व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

शंकराचार्य में सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में 15 दिवसीय सर्टिफिक्रेट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन वानस्पतिक विज्ञान तथा रसायन विभाग के संयुक्त तत्वाधान विषय दृश्ग्रीन सिंथेसिस आफ नैनोपार्टिकलसश् पर किया गया था जिसका समापन विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर किया गया। यह आयोजन सुश्री वर्षा यादव विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान तथा पदमा रानी वर्मा विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण में छात्रों को नैनोटेक्नोलॉजी की अवधारणा, नैनोकण संश्लेषण के दृष्टिकोण और नैनोकणों के हरित संश्लेषण के बारे में जागरूक किया गया। इस 15 दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों ने सीखा की नैनोपार्टिकल क्या होता है पादप से इनका संश्लेषण तथा नैनोपार्टिकल का हमारे जीवन में किस तरह लाभदायक उपयोग किया जा सकता है और भविष्य में उनकी उपयोग की संभावनाओं को विस्तार पूर्वक समझाया गया। यह बायोमेडिकल और फार्मास्युटिकल अनुप्रयोगों के लिए चिकित्सीय नैनोसाइज्ड सामग्री विकसित करता है। नैनोकणों के संश्लेषण के लिए रासायनिक विधियों में अपचायक के रूप में विषैले रसायनों, कार्बनिक सॉल्वैंट्स और स्टेबलाइजर्स की आवश्यकता होती है ए परिणामस्वरूप, यह पर्यावरण में विषैलापन पैदा करता है। इसलिए विभिन्न प्रकार के नैदानिक और जैव चिकित्सा क्षेत्रों में उनके उपयोग को छोड़करए नैनोकण संश्लेषण के लिए एक स्वच्छ, विश्वसनीय, जैव.संगत और पर्यावरण.अनुकूल हरित संश्लेषण दृष्टिकोण का उपयोग किया जाना चाहिए। इस तरहए नैनोकणों का पादप.मध्यस्थता संश्लेषण अधिक उपयुक्त माना जाता हैप् नैनोकणों का जैविक संश्लेषण विभिन्न पौधे के के पत्तियोंए बीजोंए जड़ों एबैक्टीरियाए कवकए समुद्री शैवाल और सूक्ष्म शैवाल द्वारा किया जा रहा है।

विधायक ने किया महमरा में संकल्प यात्रा का समापन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत महमरा में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित कर लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुसार अंजोरा की प्रगति और जरुरतमंद के जीवन स्तर को उन्नति की ओर अग्रसर करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा एक बड़ा और व्यापक अभियान है। शनिवार को ग्राम पंचायत अंजोरा के महमरा और अंजोरा में विधायक ललित ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा को पूरे देशभर में अपार जन समर्थन मिल रहा हैं। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपना सहयोग देने के लिए सभी को शपथ भी दिलवाई। शिविर में विभागों ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल और प्रदर्शनी भी लगाई गई। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आजीविका मिशन, पशुपालन, सहकारी समिति के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाए गए उत्पाद आदि की सुविधा भी दी गई।

उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को बांटा सामग्री

अंजोरा मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत महमरा में विकसित और मंच के माध्यम से श्रीमती सरस्वती यादव,श्रीमती गौरी गोड़ को विधायक ललित चन्द्राकर के हाथों गैस सिलेंडर वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू ,सरपंच खेमेश्वरी निषाद, नर्मदा ठाकुर,रूखमणी निषाद, निर्मला निषाद, खेमलाल साहू,दिनेश देशमुख, सुखदेव देवांगन, शिव निषाद, जीतू देवांगन, यमिनी हरमुख, पुराण देशमुख, लोकेश चक्रधारी आदि कार्यकर्त्ता गण व ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

योजनाओं की विस्तार से चर्चा की और जानकारी दी

कार्यक्रम में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री के संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित किए गए और विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। स्कूली बच्चों ने संदेशपरक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए स्वच्छता, शिक्षा से संबंधित लघु नाटिका की प्रस्तुति स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई।

विवि द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 697 शामिल हुए

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय द्वारा आयोजित पी.एच.डी. प्रवेष परीक्षा में 697 परीक्षार्थी शामिल हुए कुल 830 परीक्षार्थीयों ने प्रवेष परीक्षा हेतु आवेदन किया था। इनमें से 133 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे ज्यादा परीक्षार्थी षिक्षा संकाय में शामिल हुए जबकि सबसे कम परीक्षार्थी भू-गर्भ शास्त्र विषय में शामिल हुए। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार 19 विषयों में आयोजित पी.एच.डी. प्रवेष

परीक्षा आज प्रातः 11 से 01 बजे के मध्य कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-7, भिलाई नगर में आयोजित की गई। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्णतः शातिपूर्ण वातावरण में आयोजित इस पी.एच.डी. प्रवेष परीक्षा में लगभग 40 से अधिक प्राध्यापकों ने विक्षकीय कार्य संपादित किया कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.पी. अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस पी.एच.डी. प्रवेष परीक्षा हेतु उपयोग में लाया गया सभी 25 परीक्षा कक्षो का विष्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने भ्रमण किया। कुलपति के साथ विष्वविद्यालय के कुलसचिव श्री भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव, डी.सी.डी.सी. डॉ. प्रीतालाल, परीक्षा उप कुलसचिव डॉ. राजमणी पटेल, सहायक कुलसचिव डॉ. सुमित अग्रवाल, श्री हिमांषु शेखर मंडावी तथा श्री दिग्विजय कुमार भी उपस्थित थे। विष्वविद्यालय की पी.एच.डी. सेल में कार्यरत् डॉ. भावना पर्वत एवं डॉ. मंजूषा तिरपुड़े ने परीक्षा आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार मनोविज्ञान विषय में एक प्रष्न पर विकल्प के संदर्भ में परीक्षार्थीयों ने संषोधन हेतु कुलपति डॉ. पल्टा को लिखित में ज्ञापन दिया जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कुलपति डॉ. पल्टा ने उस प्रष्न को हल करने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी को दो अंक प्रदान किये जाने हेतु अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देष दिए। वाणिज्य विषय के एक प्रष्न में हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद की भिन्नता पर परीक्षार्थीयों द्वारा ध्यानाकर्षित किए जाने पर कुलपति डॉ. पल्टा ने सही उत्तर देने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी को अंक प्रदान करने के निर्देष दिए। परीक्षा देकर बाहर निकलने वाले परीक्षार्थीयों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा के प्रष्न पत्रों के स्तर की सराहना करते हुए बताया कि उन्हें ऐसा लगा जैसे वे नेट परीक्षा में शामिल हो रहे हो।

19 से विशेष ग्राम सभा का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसम्बर को सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत में आने वाले ग्रामों में शौचालय विहिन, परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का ग्राम सभा में अनुमोदन उपरांत जनपद एवं जिला पंचायत को प्रेषित किया जाएगा। ऐसे ग्राम पंचायते जो ओडीएफ प्लस ग्राम की किसी भी श्रेणी में नहीं है, उन्हें उदियमान ग्राम घोषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करना एवं निर्धारित प्रमाण-पत्र को जनपद पंचायत में प्रेषित किया जाएगा। ग्राम पंचायत जो ओडीएफ प्लस उज्जवल श्रेणी में हैं उन्हें उत्कृष्ट गांव घोषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करना एवं ग्रामसभा घोषणा का वीडियो तैयार कर ग्राम सभा प्रस्ताव एवं प्रमाण पत्र के साथ जपं को प्रेषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया जाएगा। ग्रामसभा में गोबरधन योजना अंतर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रों को क्रियाशील बनाने, समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण किया जायेगा। 15वें विश्र आयोग से प्राप्त टाईड फंड की राशि अंतर्गत स्वच्छता संबंधित कार्यों की योजना को जीपीडीपी में सम्मिलित करते प्रस्ताव पारित किया जायेगा।

निधन : चंद्रकांत कश्यप

पाटन। नगर पंचायत के अखरा निवासी चन्द्रकांत कश्यप उम्र 37 साल पिता सेवानिवृत शिक्षक तोरण कश्यप का आकस्मिक निधन हो गया है। वे पाटन नगर कांग्रेस सेक्टर प्रभारी पुरुषोत्तम कश्यप के भतीजे थे। चन्द्रकांत पत्थलगांव में शिक्षक के रूप में पदस्थ थे। तबियत ठीक नही होने पर उन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से बालाजी असपताल रायपुर में भर्ती कराया गया। लेकिन उन्हें बचाया नही जा सका।

न्यूज गैलरी

गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस पर निकली प्रभात फेरी

भाटापारा/नवप्रदेश। सिख पंथ के नवम गुरु श्री तेगबहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में उनकी शहादत को नमन करते हुए अमृत वेले (सुबह 5 बजे) से नितनेम का पाठ किया गया , उसके उपरांत समाज के महिलाओं , पुरुषों एवं बच्चों ने मिलकर प्रभातफेरी निकाली जो पंजाबी गुरुद्वारा से आरम्भ होकर झूलेलाल धाम से बस स्टैंड चौराहा , महासती मंदिर से रामसप्ताह चौक से जयस्तंभ होते हुए मल गली से हटरी बाज़ार होते हुए पंजाबी गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई। सिक्ख सेवा संस्था के युवा वीरों द्वारा संगत के लिये चाय नाश्ते की सेवा रखी गई थी। समाज की महिलाओं द्वारा श्री गुरुतेगबहादुर साहिब जी के शहादत पर गुरबानी के शबद कीरतन से अपनी भावांजली अर्पित की ।बताया जाता है कि कश्मीरी पंडितों को तात्कालिक मुगल शासक औरंगजेब द्वारा जबरिया धर्मांतरण कर पूरे मुल्क में एक ही धर्म की हुकूमत चलाना चाहते थे कश्मीरी पंडितों के जनेऊ और तिलक हटाना चाहते थे तब उन्होंने गुरु जी से इस जुल्म की दास्तां सुनाई , तब श्री गुरुतेगबहादुर जी ने कश्मीरी पण्डितों से कहा कि मुगलिया शॉसक से कहो कि यदि श्री गुरुतेगबहादुर साहिब इस्लाम कुबूल कर लेते है तो हम सभी आपका धर्म स्वीकार कर लेंगे , दिल्ली के लाल किले से शाही फ़रमान जारी हुआ और गुरु श्री तेगबहादुरजी अपना चांदनी चौक पर अपना शीश देकर धर्म की रक्षा की और हिन्द की चादर के नाम से पूरे मुल्क में जाने गये । इस शहीदी कार्यक्रम में समाज प्रधान स. त्रिलोक सिंह ,अरुण बंटी छाबड़ा.हरमिन्दर सिंह, अमरजीत सलूजा ग्रीन्स , देवेन्द्र सचदेव , रगबीर मक्कड़ ,.महेन्दर सिंह हरभगवान गुम्बर,.हरविंदर सलूजा मिनकु, ,सोनू छाबड़ा ,रविन्दर सिंह चावला , जोगिन्दर सलूजा ,. बलविंदर सिंह छाबड़ा ,.हरप्रीत सलूजा राजू ,. मनजीत सिंह सप्पल ,. इन्द्रजीत सिंह राणा ,.रणजीत सिंह ,.परमजीत छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए।

भेड़नी में केंद्र की योजनाओं की दी जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भेड़नी जनपद पंचायत बेरला में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत वैन पहुंची। भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिये आउटरिच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा। ग्राम पंचायत एवं शासकीय अमलों के माध्यम से ग्राम मे वैन का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे वैन के स्वागत के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी का संदेश सभी ग्रामवासी एवं आम जनता को सुनाया गया तथा सभी लोगों को 2047 तक विकसित भारत निर्माण हेतु शपथ दिलाया गया। शासन की योजनाओं के बारे मे सभी आमजनों को जानकारी दी गयी तथा विभिन्न योजनाओ के लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानी उनके द्वारा स्वयं सुनाया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न हितग्राहियों एवं अलग अलग क्षेत्रों मे अच्छा कार्य किये कर्मचारी व बच्चों को भी प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को सुपोषण कीट, खाद्य विभाग के द्वारा पात्र हितग्राहियों को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण एवं योजना मे नवीन पंजीयन कराया गया, राजस्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायत मे भूमि रिकॉर्ड का 100त्न डिजिटलाईजेशन कराने हेतु अभिनन्दन पत्र वितरित किया गया।

नेशनल लोक अदालत में 2 करोड़ 20 लाख 76 हज़ार 795 रुपए का अवार्ड पारित

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में आयोजित वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत के अनुकम में मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में छग राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये है। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारो की भौतिक तथा वर्चुअल दोनो ही माध्यमो से उनकी उपस्थिति में प्रकरण निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये गये है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को विधायक दीपेश और कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

लोगों को मिलेगी शासकीय योजनाओं की जानकारी

समयबद्ध रूप से योजनाओं का जरूरतमंदों का लाभ दिलाने का उद्देश्य

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हुआ। बेमेतरा जिलें में ग्राम पंचायत जेवरी में ज़िला स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू व कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने कार्यक्रम स्थल पर भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर मार्त्यापण व समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक दीपेश साहू व कलेक्टर श्री एल्मा ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल पर भारत सरकार की विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नई दिल्ली से यात्रा में शामिल रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना व छत्तीसगढ़ में रायपुर के विवेकानंद सरोवर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वाहनों को दिखाई हरी झंडी रवाना किया। इसका सीधा प्रसारण की व्यवस्था ग्राम जेवरी में आमजन के लिए की गयी। उल्लेखनीय है कि प्रचार-प्रसार वैन विभिन्न गांवों में जाकर कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे, साथ ही पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर श्री एल्मा ने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करते समय हाट बाजारों को जोड़ने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर छन्नू मार्कण्डेय, जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सहित भारी संख्या मे गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विधायक दीपेश साहू ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए अपने संक्षिप्त उद्बोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में प्रधानमंत्री की परिकल्पना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत की अखण्डता और विकास के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं को इस यात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि विकास के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं से जुड़कर वे लाभान्वित होने आगे आये। सरकार की योजनाओं को देश एवं प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने का यह केन्द्र सरकार का अभिनव पहल है। इस दौरान उन्होंने स्टाल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं का लाभ देने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र लोग योजना से वंचित न हो। इस यात्रा का उद्देश्य की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ पहुंच बढ़ाना हैं ताकि सभी को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिला प्रशासन से सवेदनशीलता के साथ सभी योजनाओं का लाभ देने कहा। कलेक्टर पीएस एल्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत तक इस संकल्प यात्रा को पहुंचाने के साथ ही भारत सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किये जाने पूरी शिद्दत से कार्य किया जाएगा। उन्होंने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू एवं सफल आयोजन के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने समारोह में आये आम नागरिकों कों भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे-आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना,प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं-मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके।उन्होने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभ लेने की बात कही।

उमरिया ढाबा में उपमुख्यमंत्री ने चाय पर की चर्चा

बेमेतरा/नवप्रदेश। एक दिन पहले प्रदेश के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री विजय विजय शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा प्रवास के दौरान रास्ते में उमरिया ढाबा में रुक कर अपने परिचितों से चाय पर चर्चा भी की जिलें के भाजपा नेता योगेश तिवारी इस अवसर पर उपस्थित रहें तथा उनके द्वारा चर्चा के दौरान पुराने दिनों की याद भी की जाती रही, इससे पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भाजपा नेता योगेश तिवारी ढाबा के संचालक राजकुमार तिवारी सिद्धांत तिवारी के नेतृत्व में जोरदार आतिशबाजी कर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा के नेता एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहें। जिनमें मुख्य रूप से राजु साहु, मनोज सिन्हा, उतसव सलुजा, बलराम पटेल, मनोज दुबे, ऋषि तिवारी, नीलकन्ठ पटेल, मनोज पटेल, अजय मिश्रा, पीयुष शर्मा उपस्थित रहें।

विजय शर्मा को डिप्टी सीएम बनाना क्षेत्र के लिए उपलब्धि : तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रथम बेमेतरा आगमन पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी, प्रवीण नीलू राजपूत गिरीश गबेल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को कलेक्टर कार्यालय के पास लड्डुओं से तौला गया। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना क्षेत्र के लिए उपलब्धि हैं। अब बेमेतरा व कवर्धा जिलें में विकास के लिए राशि की कमी नहीं होगी। उनके नेतृत्व में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान ओमप्रकाश जोशी, विजय सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी, प्रवीण नीलू राजपूत, गिरीश गबेल, महेश राजपूत, योगेश वर्मा, टिकेश्वर साहू, घनश्याम वर्मा, यादव राम साहू ,भानु राम साहू, गिरवर साहू, ओम प्रकाश यादव, अजय शुक्ला, रानू वर्मा आदि शामिल रहे।

12 स्नातक तथा 2 स्नातकोत्तर छात्रों को 36 स्वर्ण पदक

- **बीएएलएलबी ऑनर्स के 150, एलएल.एम. प्रोग्राम के 90 छात्रों को प्रदान की गई डिग्री**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर का सातवां दीक्षांत समारोह आज नवा रायपुर में आयोजित हुआ। समारोह में HNLU के 12 स्नातक तथा 2 स्नातकोत्तर छात्रों को 36 स्वर्ण पदक से नवाज़ा गया। वहीँ बीएएलएलबी ऑनर्स के 150, एलएल.एम. प्रोग्राम के 90 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। उच्चतम न्यायालय और हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलाध्यक्ष न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। समारोह विश्वविद्यालय के वैधानिक समितियों के सदस्यों, वाईस-चांसलर तथा डीन्स द्वारा अकादमिक प्रोसेशन के साथ शुरू हुआ। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं एचएनएलयू के कुलपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कार्यक्रम में छात्रों को डिग्री प्रदान की। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, तथा न्यायमूर्ति पी. सैम कोशी, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, तेलंगाना, न्यायमूर्ति जी. रघुराम, पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल ने भी शिरकत की। दीक्षांत समारोह में बीएएलएलबी ऑनर्स के 150 छात्रों को तथा एल.एल.एम. प्रोग्राम के 90 छात्रों ने डिग्री दी गई। इसी प्रकार 4 पीएच.डी. स्कॉलर्स को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की डिग्री प्रदान की गई। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस ने समारोह के दीक्षांत सम्बोधन में विधि कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नए बदलाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विधि क्षेत्र में महिलाओं तथा छात्राओं ही बढ़ती सहभागिता तथा प्रभाव पर खुशी जाहिर की। उन्होंने विभिन्न कैरियर अवसर जैसे जुडिशरी शिक्षण, रिसर्च या किसी लॉ फर्म आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधि क्षेत्र में सफलता का एक मात्र सूत्र परिश्रम है। उन्होंने डिग्री अर्जित करने वाले स्टूडेंट्स को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विशिष्ट शिक्षाविद विशेषकर प्रो. डॉ. रणबीर सिंह, प्रो-चान्सलर, आईआईएलएम विश्वविद्यालय, प्रो. डॉ. आर. वेंकटा राव, निदेशक, इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफलीगल एजुकेशन एंड रिसर्च, गोवा, प्रो. डॉ. परमजीत जसवाल, कुलपति, एसआरएम यूनिवर्सिटी, सोनीपत, प्रो. डॉ. विजेंद्र कुमार, कुलपति, एमएनएलयू, नागपुर, प्रो. डॉ. निष्ठा जसवाल, कुलपति, एचपीएनएलयू शिमला, प्रो. डॉ. एस. शांताकुमार, निदेशक, जीएनएलयू, गांधीनगर भी इस समारोह में शामिल हुए।

आयुत गुप्ता ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज पुराना विश्राम गृह के पास निगम द्वारा निर्मित आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का निरीक्षण कर प्रभारी से जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता आश्रय स्थल की सुविधाओं के संबंध में प्रभारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ती जा रही है, जिसे ध्यान में रखते हुये सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने प्रतिदिन आने जाने वाले रहवासियों की जानकारी लेकर रजिस्टर जांच किये तथा प्रभारी से कहा कि हॉल में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था रखे, शौचालय, किचन तथा परिसर में पर्याप्त साफ सफाई रखे, बाहर से आये रहवासी एवं स्थानीय रहवासी से नियमानुसार निर्धारित शुल्क लेकर उन्हें आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराये, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। आयुक्त श्री गुप्ता ने प्रभारी अधिकारी से कहा कि शौचालय आउट लेट मरम्मत के अलावा अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करे। परिसर में साफ सफाई के लिये उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओव्हर के नीचे रहने वाले लोगों को भी आश्रय स्थल में रहने प्रोत्साहित करे। इस अवसर पर उप अभियंता अशोक देवांगन सहित निगम का अमला उपस्थित था।

कोई भी सामान बिना रसीद नहीं खरीदने की हिदायत

डोंगरगांव/नवप्रदेश। एसपी राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु अधि दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन चोरी के मामलों में शीघ्र आरोपियों की पता तलाश करने संबंध में मार्गदर्शन देकर अभियान चलाने का निर्देश मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव द्वारा पुलिस टीम गठित कर उक्त आदेश के परिपालन में क्षेत्र के पुराने वाहन विक्रेता , कबाड़ी दुकान को कोई भी सामान बिना रसीद , जानकारी के ना खरीदे एवं ऐसे किसी व्यक्ति पर संदेह होने से तत्काल थाना डोंगरगांव पुलिस को सूचना देने की हिदायत दी गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

रामविचार नेताम बने ...

विधायकों यानी जो सबसे ज्यादा बार चुनाव जीतकर आए हों उसका नाम राज्यपाल के पास भेजते हैं। ज्यादातर मामलों में परंपरा रही है कि राज्यपाल सीनियर मोस्ट विधायक को ही प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करते हैं। हालांकि कई मामलों में राज्यपाल पर ही निर्भर होता है कि वह किसे प्रोटेम स्पीकर चुने। इसका उदाहरण 2018 का कर्नाटक विधानसभा चुनाव है। यहां चुनाव होने के बाद कर्नाटक के राज्यपाल वजूभाई ने बीजेपी नेता केजी बोपैय्या को प्रोटेम स्पीकर बनाया। जबकि कांग्रेस नेता आर वी देशपांड़े सबसे सीनियर मोस्ट विधायक थे। प्रोटेम स्पीकर का काम क्या होता है?प्रोटेम स्पीकर का मुख्य काम नव निर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण कराना है। यह पूरा कार्यक्रम प्रोटेम स्पीकर की देखरेख में होता है। प्रोटेम स्पीकर का काम फ्लोर टेस्ट भी करवाना होता है। हालांकि संविधान में प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति, काम और पावर के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

रामविचार नेताम का ...

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखंड के प्रभारी, 2016 से वर्ष 2020 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, जून 2016 से जून 2022 तक राज्यसभा सांसद

स्पीकर के लिए डॉ. रमन...

विजय शर्मा ने कहा था कि 18 लाख गरीबों को आवास देने एवं अन्य योजनाओं के लिए फंड्स की जरूरत है, सत्र में इसे लेकर चर्चा की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष महंत बोले: बीजेपी...

विपक्ष कहीं कमजोर है। हम हमारे साथियों के साथ मिलकर पूरी लड़ाई लड़ेंगे और पूरी कढ़ाई के साथ लड़ेंगे।

नक्सली हमले में ...

जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

करीब आधे घंटे तक दोनों तरफ से जबरदस्त गोलीबारी हुई। इस मुठभेड़ में नक्सलियों की गोली लगने से CRPF के स्ढ्ढ सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए, जबकि एक अन्य जवान रामू को गोली लगी है। वह गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि साथी जवान उसे कैंप लेकर पहुंचे हैं। यहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है।

4 संदिग्ध पकड़े गए

मुठभेड़ रुकने के बाद जवानों ने इलाके की सर्चिंग की। इस दौरान घटना स्थल से 4 संदिग्धों को भी पकड़ा गया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

महाराष्ट्र में एक्सप्लोसिव ...

मुताबिक यह विस्फोट सुबह करीब नौ बजे हुआ। बताया जा रहा है कि विस्फोट उस वक्त हुआ जब विस्फोटकों को पैक करने का काम चल रहा था।

जजों की कमी से जूझ...

है तो उच्च न्यायपालिका में जजों की संख्या में बढ़ोतरी कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक सतत और सहयोगात्मक प्रक्रिया है। जबकि जिला और अधीनस्थ अदालतों के मामले में उचित संख्या में जजों की आवश्यकता और रिक्तियों को भरने के लिए संबंधित उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों के क्षेत्र में है।

पीएम मोदी के हाथों ...

अभी डायमंड ज्वैलरी के एक्सपोर्ट में भारत बहुत आगे हैं, लेकिन पूरी जेम्स ज्वैलरी में भारत का शेयर केवल 3.5त्न है। सूरत अगर चाहे तो भारत जल्द डबल डिजिट में आ सकता है। आज ही सूरत के नए टर्मिनल का लोकार्पण हुआ है और दूसरा सूरत एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा मिल गया है। सूरतियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है।

सूरत डायमंड बोर्स ...

का कन्वीनियंट हब बनाने का लक्ष्य है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर बैंकर्स कार्यशाला संपन्न

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला बेमेतरा में कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा की उपस्थिति में बजाज आलियांज कंपनी द्वारा एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन भारत रत्न पैलेस बेमेतरा में आयोजित किया गया। बजाज कंपनी के अधिकारियों के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत राष्ट्रीय पोर्टल पर बैंकों के द्वारा फसल बीमा की एण्ट्री एवं प्रीमियम भुगतान संबंधित विस्तृत जानकारी बीमा कंपनियों के अधिकारियों के द्वारा दी गई। सभी बैंकर्स को समय-सीमा पर अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु कलेक्टर ने निर्देशित किया।

रबी वर्ष 2023-24 में फसल बीमा प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथी 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि द्वारा प्राकृतिक आपदा के समय कृषकों को बीमा क्लेम का लाभ पहुँचाने हेतु टोल फ्री नंबर 18002095959 पर कॉल कर 72 घण्टे के भीतर कृषकों के द्वारा नुकसान की सूचना दर्ज कराने एवं अऋणी कृषकों को बीमा आवरण के दायरे में लाने हेतु प्रचार प्रसार की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप संचालक कृषि, उप पंजीयक सहकारिता विभाग, लीड बैंक अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा कलेक्टर पदूम सिंह एल्मा, उप संचालक कृषि एमडी डड़सेना, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के वरिष्ठ अधिकारी श्री निवसरकर, बजाज आलियांज कंपनी के एग्री बिजनेस हेड आशीष अग्रवाल, राज्य प्रमुख श्री आशिफ, जिला प्रमुख राघवेन्द्र सिंह एवं जिला के समस्त सेवा सहकारी समिति प्रबंधक उपस्थित रहें। कार्यशाला में बजाज आलियांज कंपनी के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में बैंकिंग की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

रोमांचक मैचों में सेवन स्टार, आंध्र मास मधु फाउंडेशन और चित्रांश जीते

महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में महिला क्रिकेट स्पर्धा का जोशीला आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रियदर्शनी नगर स्थित संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शुरू हुए नगर स्तरीय महिला क्रिकेट स्पर्धा में रनों की बारिश से ठंड लगभग गायब हो गई है। पहले दिन के मैचों में सेवन स्टार ने क्रीड़ा भारती को, आंध्रा मास ने अधिवक्ता रेड शक्ति टीम को और चित्रांश ग्रुप ने शंकर नगर वुमन पावर टीम को रोमांचक मैचों में हराया। अधिवक्ता ब्लू शक्ति टीम की अनुपस्थिति के कारण मधु फाउंडेशन बाई का लाभ लेकर अगले दौर में पहुंच गई है।

शनिवार देर शाम पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने इस स्पर्धा का विधिवत उद्घाटन किया। महिला खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट कर अपना परिचय दिया। इसके साथ ही महिला क्रिकेट टीमों में एक- दूसरे को हराने की होड़ शुरू हो गई। अपने-अपने संबोधनों में मुख्य अतिथि केदारनाथ गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते और क्रीड़ा समिति की प्रभारी गीता दलाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना से खेलने का आग्रह किया। स्पर्धा का पहला मैच क्रीड़ा भारतीय और सेवन स्टार टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रीड़ा भारती ने अल्पना की ओर से बनाए 23 रन की मदद से 44 रन का लक्ष्य दिया। इसमें अतिरिक्त रनों का योगदान 15 का था। सेवन स्टार ने यह मैच नीता डुमरे के बने 11 रनों की बदौलत दो विकेट से जीत लिया। इस मैच का निर्णय मैच की अंतिम गेंद पर हुआ। अगला मैच अधिवक्ता रेड शक्ति टीम और आंध्र मास के बीच खेला गया। अधिवक्ता रेड शक्ति टीम ने वाइड और नो बॉल के बड़े योगदान की बदौलत आंध्र मास को 35 रन का लक्ष्य दिया। अधिवक्ता रेड शक्ति की अच्छी गेंदबाजी की वजह से आंध्रा मास ने यह मैच अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर जीता। तीसरे मैच में अधिवक्ता ब्लू स्टार शक्ति टीम मौके पर उपस्थित नहीं होने के कारण मधु फाउंडेशन को मैच में विजय घोषित किया गया। महाराष्ट्र मंडल के महिला क्रिकेट स्पर्धा के पहले दिन का अंतिम मैच लगभग 10:00 बजे चित्रांश ग्रुप और शंकर नगर वुमन पावर के बीच खेला गया। चित्रांश ग्रुप की शिक्षा ने तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 35 रनों की शानदार पारी खेली और अपनी टीम के स्कोर को 99 रनों पर पहुंचाया। इसके विपरीत शंकर नगर वुमन पावर महज 21 रन बनाकर आउट हो गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

कैलाश गिरी शिव मंदिर के गर्भ गृह में पूजित अक्षत कलश स्थापित

रायपुर/नवप्रदेश। 17 दिसम्बर को श्री रामजानकी मंदिर गुढ़ियारी में अयोध्या से पूजन के बाद लाए गए अक्षत कलश का वितरण शुरू हो गया है। कार्यक्रम गुढ़ियारी प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें पूजित अक्षत कलश गुढ़ियारी क्षेत्र के अलग अलग मन्दिरों में कलश भेजे गए, इन्हें प्राप्त करने के लिए लोगों में भारी उत्साह दिखा। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय हैं कि विश्व हिंदू परिषद देश भर में अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम करवा रही है। इसी क्रम में वसंत विहार कॉलोनी स्थित कैलाश गिरी शिव मंदिर में अक्षत कलश मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित किया गया है। मंदिर परिसर में सबसे पहले मंत्रोच्चार के साथ कलश का पूजन किया गया। बसन्त विहार कालोनी राम नाम के जयकारे से राममयी हो गया। मन्दिर पुजारी द्वारा भक्तजनो को 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित प्रभु श्रीराम मूर्ति प्रतिष्ठा की भांति कैलाश गिरी शिव मंदिर में भी उत्सव हर्षोउल्लास के मनाने का आह्वान किया गया।

आयबांधा में गुरु घासीदास जयंती कल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्राम आयबांधा में संत शिरोमणी गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन मंगलवार 19 दिसंबर को किया जाएगा। आयोजन के तहत् दोपहर 3 बजे से गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें संत संगवारी बालिका पंथी नृत्य पार्टी का कार्यक्रम होगा। शोभायात्रा के बाद गांव में स्थित जैतखंभ में ध्वजारोहण किया जाएगा। ग्राम के पदमन दास देशलहरे ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा फिल्म कलाकारों से सजी लोक सांस्कृतिक कला मंच सुर झंकार की प्रस्तुति होगी। इसमें प्रसिद्ध लोक कलाकार आरती बारले प्रस्तुति देगी। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

भंडारी भरदा मड़ई 26 को

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्राम भंडारी भरदा में 26 दिसंबर मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इसी दिन रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए ग्राम करमतरा (जालबांधा) वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक देवसिंग भंडारी, ग्राम पटेल भिसेन सिंह, ग्राम कोटवार ज्ञानिक बारमाटे आदि ने उक्त जानकारी देते हुए ग्रामीणजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

गुरु घासीदास जयंती पर बाइक रैली

भाटापारा/नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर मिनीमाता धर्मशाला प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो पूरे नगर का भ्रमण के पश्चात वापस मिनी माता भवन में संपन्न होगी। इसके पहले रविवार को समाज के हजारों युवाओं ने बाइक रैली निकालकर सतनाम का संदेश दिया। प्रगतिशील सतनामी समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश रात्रे ने समाज के सभी लोगों से शोभायात्रा सहित सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होने की अपील की है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के द्वारा विकासखंड स्तरीय 26 वा जयंती कार्यक्रम मनाया जा रहा है। गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में इस साल भी भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाला जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। शोभायात्रा में पंथी नृत्य भी शामिल रहेगा साथ ही अखाड़ा दल वाले भी अपना कला प्रदर्शन करेंगे। शोभा यात्रा की भव्यता व समय का ध्यान रखते हुए इस वर्ष ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 11 बजे होगा उसके पश्चात शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी. शोभायात्रा के वापस आने के पश्चात जैतखाम में पूजा अर्चना कर पान प्रसाद का कार्यक्रम होगा। विभिन्न पंथी दल के लोग भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके पूर्व रविवार को निकली सतनाम बाइक रैली में काफी संख्या में युवा वर्ग के लोग शामिल हुए। प्रगतिशील सतनामी समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश रात्रे के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ टेकराम मिरी,डॉ मोहन बांधे , सीरीज जांगड़े भूलु राम कुर्रे,लक्ष्मीकांत टंडन फलित भारती विजय सोनवानी सुखचंद कुर्रे एमडी लहरे गुरुजी कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

तेज रफ्तार बस नहर में गिरी

पलारी/नवप्रदेश। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पलारी में हादसा हो गया। तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरे नहर में जा गिरी। हादसे में चार-पांच लोग घायल हुए हैं। सभी यात्री बाल-बाल बचे। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर तीन बजे रिया ट्रेवल्स की बस सवारी लेकर गिधपुरी से बलौदा बाजार जा रही थी। इस दौरान बस रायपुर मार्ग पर अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस हादसे में बस में सवार यात्री बाल-बाल बचे। वहीं 4-5 लोग घायल हुए हैं। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस बस में फंसे यात्रियों को निकालने की कोशिश कर रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार तेज थी इस वजह से वह अनियंत्रित हो गई। ग्रामीणों ने नहर में कूदकर सवारियों को बाहर निकाला। बस में करीब 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। दो से तीन लोगों को मामूली चोट आई है, जो खुद से अपने गंतव्य की ओर चले गए। वहीं बस चालक की तलाश की जा रही है उसके मिलने के बाद ही हादसे के सही कारण का पता चल सकेगा।

आरटीओ ऑफिस में चला सफाई-स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विजय दिवस के अवसर पर स्थानीय क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ ऑफिस) में स्वच्छता-सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बीरेन सिंह के निर्देशन में कार्यालय स्टाफ एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग, राजनांदगांव की टीम द्वारा स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग की जिला इकाई राजनांदगांव के अध्यक्ष शैलेश रामटेके, उपाध्यक्ष मुनीर अली हाशमी, महासचिव सुरेंद्र रजक, सचिव महेश्वर वर्मा, विजय साहू, वीणा यादव, हेमलता साहू, दादू पंसारी, मनी नेताम, गोलू ने इस सफाई-स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

- **वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में हरी झंडी दिखाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के मोबाइल वैन को रवाना किया। इस दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष राजनांदगांव से पूर्व सासंद मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर डोमन सिंह एवं अन्य अधिकारी विडियो कान्फेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के मोबाईल वैन को रवाना किया।

मोदी की गारंटी में हर वर्ग का ध्यान-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री न केवल जनहित में योजनाएं बनाते हैं, बल्कि योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचे यह भी सुनिश्चित करते हैं। गरीब एवं जरूरतमंदों को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोविड-19 के समय देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की। उनके मार्गदर्शन में कोविड के दो टीके बनाये गए और दूसरे देशों को भी दिये। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण योजना की अवधि बढ़ाई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ जनता को 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रावधान किया जा रहा है। उन्हें हर वर्ग से सरोकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नाते आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पूरी होंगी। शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन हमने केबिनेट में यह निर्णय लिया है कि 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। हम मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरा करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से प्रारम्भ होकर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी हितग्राहियों के फार्म भरवा कर योजनाओं का लाभ दिलवाने में उन्हें मदद करें।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आज से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार इस यात्रा में सबकी भागीदारी जरूरी है। जिसमें जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के साथ ही यह अभियान न सिर्फ शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि ग्र्रामों एवं वार्डों तक पहुंचकर गरीब एवं जरूरतमंदों को केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करें। यह आवश्यक है कि जनसामान्य को इस यात्रा के संबंध में पहले से ही जानकारी हो, जिससे उनकी भागीदारी पहले से ही सुनिश्चित होगी।

चलती बाइक से गिरी महिला ट्रेलर की चपेट में आई

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा में रविवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला बाइक से अनियंत्रित होकर गिरी और ट्रेलर की चपेट में आ गई। महिला का सिर पूरी तरह से ट्रेलर वाहन से कुचला गया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, ट्रेलर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

बाइक से गिरी महिला ट्रेलर की चपेट में आईः दरअसल, कबीरधाम जिले के सिटी कोतवाली अंतर्गत भागूटोला गांव में रविवार दोपहर भीषण हादसा हुआ। यहां लोहार की ओर से कवर्धा की ओर आ रहे बाइक सवार मां-बेटा ब्रेकर की वजह से उछल गए। इसमें महिला अनियंत्रित होकर बाइक से नीचे गिर गई। इसी बीच पास से गुजर रहे ट्रेलर के चक्के में महिला फंस गई। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर चालक को पूछताछ के लिए थाने ले गए।

बताया जा रहा है कि मृतका जंगल रेंगाखार की रहने वाली थी। वो अपने देवर के बेटे के साथ किसी काम से कवर्धा आ रही थी। इसी बीच भागूटोला गांव के पास ब्रेकर में गाड़ी उछल गया और महिला बाइक से नीचे गिर गई. उसी समय ट्रेलर के चक्के में महिला आ गई। घटना के बाद से बाइक चला रहा शख्स सदमे में है। वो अपना नाम भी बता नहीं पा रहा है. पुलिस ने युवक को कोतवाली में रखा है। ताकि नॉर्मल होने पर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी जा सके।

पेंशनर देश और समाज की अमूल्य धरोहर : साव

भाटापारा/नवप्रदेश। पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा द्वारा पेन्शनर भवन भाटापारा में विधानसभा के नये विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य,खुमान सिंह वर्मा की अध्यक्षता,एम आर उपाध्याय,भंवर सिंह साहू,बाबू लाल साव, श्रीमती बिमला साहू के विशेष आतिथ्य और जिला काँग्रेस कमेटी के महामंत्री अरूण यादव की विशेष उपस्थिती में पेंसनर दिवस उल्लास मय वातावरण में मनाया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक इंद्र साव ने कहा कि मेरा सौभाग्य हे कि मुझे पेंशनरों का सम्मान करने और उनसे आशीर्वाद लेने का आज अवसर मिला। पेंशनर हमारे समाज के अमूल्य धरोवर हैं! वे अनुभवौं के खजाने हैं उनसे मार्ग दर्शन से देश और समाज के विकास को द्रूत गति दी जा सकती है।इसके पूर्व विधायक ने द्वीप प्रज्वलित कर माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।श्री मती वीणा साहू ने सरस्वती वन्दना की!

पेंशनर्श एसोसिएशन के अध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा ने मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक इन्द्र साव का शाल,श्री फल और गुलाल लगाकर स्वागत किया।विधायक ने 80वर्ष से ज्यादा उम्र के पेन्शनर रूप सिंह वर्मा का शाल,श्री फल और गुलाल से सम्मान किया एवम उपस्थित सभी पेंशनरों को फूल माला पहना कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विशेष अतिथि एम आर उपाध्याय ने पेन्शनर दिवस का महत्व बतलाया और भंवर सिंह साहू ने संगठन की मजबूती का महत्व बतलाया!आभार प्रदर्शन खुमान सिंह वर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन श्रीमती वीणा साहू ने किया। कार्यक्रम में तुलसी राम साहू,दाऊ वर्मा,रमाकांत,शिव लाल यादव,रवी शंकर यादव,यू आर वर्मा एस के वर्मा,भागवत देव दास,दया शंकर निषाद, श्रीमती डी साहू, श्रीमती एमबी साहू, राम खिलावन देव दास एम आर निषाद सहित काफी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

बाल सुरक्षा पर आधारित जिला स्तरीय ट्रेनिंग सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन संपन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय महाविद्यालय गरियाबंद, यूनिसेफ़ और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आगामी दिवसों में चलायी जाने वाली ÷सुरक्षित पारा, सुरक्षित लईकामन÷ पहल के एक-दिवसीय कार्यशाला और 2-दिवसीय ग्राम संपर्क अभियान के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य जिले के बाल संरक्षण को लेकर ग्राम स्तर पर जागरूकता लाना एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यशाला में एनएसएस स्वयंसेवक को मोबाइल कुंजी के माध्यम से बाल अधिकार,बाल विवाह,बाल श्रम,बाल यौन शोषण, शारीरिक दंड,नाशीलों पदार्थों का सेवन,मानसिक स्वास्थ, लिंग भेदभाव, संवाद, सहायता तंत्र इस में बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ग्रुप गतिविधियाँ, केस स्टडी प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक, अन्य गतिविधियाँ के माध्यम से स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यशाला में यूनिसेफ़ से गुजरात के गेस्ट ट्रेनर के रूप में आयी प्रतिनिधि शैल्जा, यूनिसेफ चाइल्ड प्रोटेक्शन कंसल्टेंट स्नेहिल, चंदन कुमार स्टेट कंसल्टेंट सामाजिक व्यवहार परिवर्तन,चित्रा साहू जिला समन्वयक एवं एनएसएस ज़िला प्रमुख डॉ टी एस सोनवानी प्राचार्य सहित अन्य महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित का कार्यभार ग्रहण किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कार्यालय पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कलेक्टर डोमन सिंह को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव का प्रशासक नियुक्त किया गया है। आदेश के परिपालन में कलेक्टर डोमन सिंह ने शनिवार 16 दिसंबर 2023 को प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उनके द्वारा बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर सोनी से बैंकिंग गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने सहकारी समितियों के माध्यम से हो रहे धान खरीदी की समीक्षा की एवं उपार्जन केन्द्रों से धान के शीघ्र उठाव करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

सरकार बदलते ही सुधरने लगी सड़कें

- **सुधार के अभाव में जर्जर हो रही थी सड़कें**

कवर्धा/नवप्रदेश। एक बार फिर से छत्तीसगढ़ की सड़क देर सवेर ही सही चमचमाती नजर आएगी। पूर्व में सड़कों की हालत काफी जर्जर हो चुकी थी। वहीं अब सरकार के बदलते ही सड़क भी सुधारने लगी है। लोगों को जहां आवागमन की सुविधा मुहैया हो सकेगी वहीं आज से 5 साल पुरानी सड़कों का जीर्णोद्धार भी अब होने लगा है।

राज्य में सत्ता का परिवर्तन हो गया है। अब भाजपा ने प्रदेश की सत्ता का बागड़ोर संभाल लिया है। सत्ता बदलते ही खराब सड़कों में लीपापोती का काम शुरू हो गया है। हाईवे से लेकर पीएम सड़क का मरम्मत कराया जा रहा है। ऐसे में जिले के लोगों को काफी राहत मिली है। वर्तमान में सड़क मरम्मत जरूरी हो गया था। मरम्मत की मांग भी लगातार हो रहीं थी। कवर्धा शहर के बाहर जबलपुर रोड़ की सड़क काफी खराब हो गई थी। इस कारण अब मरम्मत का काम किया जा रहा है। इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव भी ज्यादा था। सड़क पर हादसे भी होते थे। इसी सड़क पर ट्रांसपोर्ट नगर भी है। यहां पर करीब 100से अधिक ट्रक का आना-जाना लगा होता था। अब मरम्मत का काम होने से राहत मिलेगी। इसी तरह ग्रामीण अंचल की सड़कों की भी बुरी स्थिति है। ग्रामीण अंचल की ज्यादातर सड़क पीएम व सीएम सड़क योजना अंतर्गत बनाई गई है। इन सड़कों को लेकर पूर्व में कई बार विरोध प्रदर्शन भी हो चुका है। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि सत्ता परिवर्तन के बाद मरम्मत व नए सीरे से सड़क निर्माण हो सकेगा।

डिप्टी सीएम के निर्देश पर सड़क को किया अमान्य-इसी प्रकार बीते दिनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डिप्टी सीएम की शपथ लेते के तत्काल बाद ही कबीरधाम जिले के सोशल मीडिया से चल रही सड़क पेंचवर्क के गुणवत्ताहीन कार्यो को संज्ञान में लिया। उन्होंने संबंधित लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी को जिले के सहसपुर लोहारा से रेंगाखार के बीच पीडब्ल्यूडी अंतर्गत रिपेयरिंग कार्यो की जांच के निर्देश दिए। सोशल मीडिया में खबर चल रही थी कि उक्त मार्ग में डामर सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था लेकिन सड़क निर्माण के दो दिन बाद ही सड़क उखड़ गई। उप मुख्यमंत्री के आदेश पर विभाग के अधिकारियों के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर उक्त सड़क की जांच की गई। सड़क को अमान्य घोषित कर पुनः सड़क निर्माण कार्य कराने ठेकेदार को आदेशित किया गया। डिप्टी सीएम ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में प्रदेश में सुशासन का राज चलेगा और गलत काम करने वालों के खिलाफ बुलडोजर चलेगा। उन्होंने सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। लोकहित में हो रहे समस्त निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन कार्यों पर सख्ती बरती जाएगी।कबीरधाम जिले के ज्यादातर ग्रामीण अंचल में प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण वर्षो पहले हुआ था, जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

राज्य स्तरीय फुटबॉल 23 से

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव से 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम मनेरी में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी आयोजन समिति न्यू सद्भावना एवम खेल युवा कल्याण समिति और ग्रामवासियों के तत्वानधान में 23 से 30 दिसंबर तक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सचिव नोहर साहू ने बताया कि क्षेत्र के फुटबाल प्रेमियों के लिए इस गांव में 1980 से फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ है। आयोजन समिति द्वारा ग्रामीण प्रतिभा को उभारना एवम राष्ट्रीय स्तर तक ले जाना ही मुख्य उद्देश्य है । राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा खासकर विदेशी खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने हुनर का जलवा बिखेरेंगे। राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 11 सौ रुपए रखा गया है। साथ ही विजेता टीम के लिए प्रथम पुरस्कार 31001 रुपए नगद एवं विनर शील्ड तथा उपविजेता टीम के लिए 15001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड तथा अन्य फुटबॉल टीम जो भाग लेगी उनके लिए भी नगद राशि के साथ-साथ विनर शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में 24 फुटबॉल टीम भाग लेंगी।

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय बाल साहित्य सेमिनार

बेमेतरा/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय बाल साहित्य सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन समग्र शिक्षा राज्य परियोजना, राज्य शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, रूम टू रीड के द्वारा आयोजित की गई। इस आयोजन में बाल साहित्य रचनाकार और छत्तीसगढ़ के 16 आँचलिक भाषाओं के जानकार दी, और शिक्षकों ने बालसाहित्य का अनुवाद कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हुए। इन साहित्यकार शिक्षकों में छत्तीसगढ़ी भाषा के अनुवादकर्ता के रूप में बेमेतरा जिले के शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा की नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस ने बेमेतरा जिले का प्रभावी प्रतिनिधित्व किया।

इसके अलावा अन्य भाषाओं के अनुवादक के रूप में कन्हैया साहू, रामेश्वर भगत, विजय सिंह दमाली, अनिल कुल्लू, पुर्णेश डड़सेना, योगेश्वरी साहू, सुधारानी शर्मा, अलाबिना एक्का, सुनीता भगत, किरण सिंह, अनिता तिवारी, सुनीता यादव, अनिता मंदिलवार, शिव नेताम, गणेश सोढी, रूद्र शर्मा, योगेश साहू, भोलाराम सिन्हा, टिकेश्वर सिन्हा, जीवन लाल चंद्राकर, सहित इंक्यावन शिक्षकों ने बाल कहानी लेखन और उनका स्थानीय भाषाओं में अनुवादक के रूप में भाग लिया। इस तरह से संपूर्ण छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि के रूप में समस्त शिक्षकों की एक साथ उपस्थिति दर्शनीय रही।

कई विषयों पर हुई चर्चा

इन्हीं बाल साहित्यों का खैरागढ़ विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय संगोष्ठी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्वानों और विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग की बालसाहित्य से संबंधित आवश्यकताओं से जोड़ पाना और छत्तीसगढ़ में शैक्षिक परिदृश्य को समृद्ध करने के लिए स्थानीय प्रतिभाओं, संशाधनों, शिक्षकों, नीति निर्माताओं, गैर सरकारी संगठनों और कलाकारों के बीच सहयोग के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस सेमिनार में भारत में बच्चों का साहित्यिक क्षेत्र कैसे विकसित और विस्तारित हो, इस पर भी विस्तृत चर्चा विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। खैरागढ़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने रूम टू रीड संस्था और राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्मित ग्यारह बाल कहानी कार्डो के चित्रांकन में सहयोग दिए। इन बाल कहानी कार्ड़ो का चित्रांकन छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए किया गया है जिससे बाल पाठकों को विषयवस्तु और पाठ्य सामग्री उनके जीवन से जुड़ती हुई दिखाई दी।इस राज्य स्तरीय संगोष्ठी का मुख्य विषय बालसाहित्य में दृश्य चित्रों का महत्व था। खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री डॉ. मोक्षदा (ममता) चंद्राकर, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. नीता गहरवाल, विश्वविद्यालय कला संकाय के विभाग प्रमुख प्रो. राजन यादव, समग्र शिक्षा से एम. सुधीश सर, ताराचंद जायसवाल, एससीईआरटी रायपुर से डिकेश्वर वर्मा, यूएसआईडी से शिखा जैन, बालका डे, रूम टू रीड से शक्तिव्रता सेन, पुरोहिती, सुमेधा, भावना शिंदे, मुख्य रुप से उपस्थित थे। शिक्षिका शीतल बैस के लेखन और अनुवाद की सभी रचनाकारों, अधिकारियों ने खूब सराहना की है।

न्यूज गैलरी

मॉडल स्कूल में एडमिशन के नाम पर वसूली प्राचार्य की विधायक ने ली क्लास

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की सरकार में बीते पॉच सालों में भ्रष्टाचार की जडे शिक्षा के मंदिर तक जा पहुँची है। प्राचार्य पर लगे आरोप यदि सत्य है तो सरकार की कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए मॉडल स्कूल की परिकल्पना की बुनियाद हिलाने जैसा कुत्य कहा जा सकता है। कोरिया जिले के जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के जमनीपारा स्थित मॉडल स्कूल के प्राचार्य के द्वारा संस्था में एडमिशन के नाम पर बच्चों के माता-पिता से पैसा वसूली की शिकायत आने के बाद बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्वमंत्री भैया लाल राजवाड़े ने संस्था के प्राचार्य बुद्धिमान तिर्की को शिकायतकर्ताओं के समक्ष तत्काल अपने निवास पर बुलवाया और जमकर उसको फटकार लगाई। इस दौरान विधायक राजवाड़े ने बुद्धिमान तिर्की को चेतावनी देते हुए कहा कि तुम गलती स्वीकार कर रहे हो इसलिए तुम्हें अंतिम चेतावनी देकर छोड़ रहा हूं यदि आज के बाद इस तरह की गलती दोबारा सामने आई तो आपको बक्सा नहीं जाएगा। वहीं पर उन्होंने छात्रों के अभिभावकों के समक्ष ही उन्हें तत्काल पैसा लौटाने को कहा जिस पर संस्था के प्राचार्य के द्वारा कहा गया कि अभी उनके पास पैसा नहीं है उसे कुछ दिनों की मोहलत दी जाए। अभिभावकों के समक्ष एक सप्ताह का मोहलत दिया गया है एवं पैसा लाकर अपने समक्ष सभी का पैसा वापस करने को कहे है। यदि सप्ताह भर में प्राचार्य के द्वारा पैसा वापस नहीं किया जाता है तो फिर उनके खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई है। शिकायतकर्ताओ ने बताया कि विगत कई महीनो से छात्रों के अभिभावक जिला शिक्षा कार्यालय सहित कई स्थानों पर अपनी शिकायत लेकर जा चुके हैं किंतु कहीं पर भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद चुनाव उपरान्त विधायक राजवाड़े जी से रिश्वतखोर प्राचार्य की शिकायत की गई।

एक सप्ताह में पैसा वापस लौटाएं नहीं तो होगी कार्यवाही

चार लोगों ने की बुजुर्ग से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम नकटी स्थित बालक दास चौक के पास चार लोगों ने जमीन विवाद के चलते एक बुजुर्ग से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीलमणी चौबे 68 वर्ष ग्राम नकटी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी संजय सारंग, सुनील सारंग, सोनलाल बंजारे व अन्य ने जमीन विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नकली यूरिया खाद बेचते दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गुजरा में नकली टाटा डीईएफयूरिया खाद बेचने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर 26 बाल्टी नकली यूरिया जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल निवासरी राजेश रविदास ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि ग्राम गुजरा में आरोपी कुबेर साहू व अभिषेक पांडेय टाटा डीईएफ यूरिया का नकली खाद बेच रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर 26 बाल्टी नकली यूरिया खाद जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 34450 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट की धारा 63 के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। धरसींवा पुलिस ने ग्राम तिवरईया के पांडे ढाबा के पास सरेआम शराब पीते आरोपी लवलेश पाण्डेय 25 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी वरूण कोसरिया 22 वर्ष व विवेक चंद्राकर 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी संतराम साहू 40 वर्ष, संजय विश्वकर्मा 40 वर्ष व शंकर साहू 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी आरोपी कोगेन्द्र सिंह भानू 26 वर्ष, छेदी लाल केवट 32 वर्ष, जगदीश श्रीवास 53 वर्ष व सनत साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्र नगर पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1180 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एचडीएफसी बैंक के पास सेक्टर 1 में दो युवक सट्टा खिला रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी संजय चौहान 30 वर्ष व अब्दुल अजीज 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1180 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

किसान खुदकुशी मामले में कांग्रेस ने सीएम को घेरा

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर के कुकड़ाझोर गांव में किसान हीरू बढ़ई ने खुदकुशी कर ली। इस घटना पर छत्तीसगढ़ में सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने विष्णुदेव सरकार को इस मामले में घेरा है। कांग्रेस का आरोप है कि किसान ने कर्ज के बोझ तले दबकर खुदकुशी की है। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने साय सरकार पर वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया है।

बीजेपी सरकार ने नहीं की किसानों की कर्जमाफी

कांग्रेस ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर बीजेपी की साय सरकार ने पहले कैबिनेट में किसानों की कर्जमाफी कर दी होती तो आज ये घटना नहीं होती। किसान हीरू बढ़ई के ऊपर 1.24 लाख का कर्ज था उसको कर्ज माफी का भरोसा था। कांग्रेस पार्टी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उसके बेटे की भी शादी थी। कर्ज वसूली के नोटिस से वह मानसिक दबाव में आ गया था। मृतक किसान के बेटे ने भी कहा कि भाजपा के लोग चुनाव प्रचार के दौरान 2 लाख रुपये कर्ज माफ करने की बात कहकर गए थे। लेकिन सरकार बनने के बाद कर्ज माफ नहीं होने से दुखी थे। भाजपा के अनेकों नेताओं ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान किसानों की कर्जमाफी करने का वायदा अपने भाषणों में किया था। इस संबंध में पर्चा भी वितरित किया गया था। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का चुनाव प्रचार का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल है। जिसमें वे 2 लाख कर्जमाफी का वायदा कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता से अनेक जगह सभाओं में वादा किया है, कि भाजपा की सरकार बनने पर 2 लाख तक सारे बड़े और छोटे किसानों का कर्जा माफ किया जायेगा। अब भाजपा की सरकार बन गई है तो बीजेपी कर्ज माफी के वायदे से मुकर रही है। जिससे किसान दुखी हैं : दीपक बैज, पीसीसी चीफ

किसान की आत्महत्या केस में कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

किसान हीरू बढ़ई की खुदकुशी केस में कांग्रेस हरकत में है। कांग्रेस ने पांच सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है। जिसमें वरिष्ठ विधायक लखेश्वर बघेल को संयोजक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को सदस्य, पूर्व उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा संतराम नेताम को सदस्य, पूर्व विधायक चंदन कश्यप को सदस्य और जिला अध्यक्ष नारायणपुर रजनू नेताम को सदस्य बनाया गया है।

अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा असली मकसद: विनय कुमार

बड़े सुरोखी,गढ़मिरी, बड़ेलखापाल में संकल्प यात्रा शिविर

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। भारत को विकसित राष्ट्रीय श्रेणी में अग्रणी पंक्ति लाने के लिए प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले के ग्राम बड़ेसुरोखी, गढ़मिरी, बड़ेलखापाल में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया था।

इसमें ग्राम बड़े सुरोखी में संयुक्त सचिव भारत सरकार श्री विनय कुमार शामिल हुए। मुख्य अतिथि के आसंदी से उपस्थित ग्रामीणों को केन्द्रीय और राज्य सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं में सहभागिता का आह्वान करते हुए। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा का एक मकसद है अंतिम बेसाहारा व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। हम इस उद्देश्य से संकल्प शिविर का आयोजन कर रहे है कि इन योजनाओं का लाभ लेने का पात्र व्यक्ति लाभ लेने से वंचित ना हो फिर वहा चाहे पेंशन योजना हो, आवास योजना हो या फिर उज्जवला योजना और इसमें आप का सहयोग सर्वाधिक जरूरी है।

उत्तरी छत्तीसगढ़ में बदली और बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ में बारिश की स्थिति बनी हुई है। हालांकि बारिश हल्की रहेगी। इसके बाद मौसम साफ होते ही न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। ढ्रूरूष्ठ के अनुसार रायपुर में आज न्यूनतम तापमान 15 डिग्री रहेगा और अधिकतम तापमान 28 तक हो सकता है। सुबह कोहरा/धुंध रात को ज्यादा ठंड महसूस की जा सकती है। अम्बिकापुर में भी सुबह कोहरा और धुंध देखने को मिलेगी। इसके साथ यहां ज्यादा ठंड का अनुमान लगाया जा रहा है। जगदलपुर में भी कोहरा और धुंध देखने को मिलेगी। बिलासपुर की बात करें तो यंहा सुबह और रात को ज्यादा ठंड देखने को मिलेगी। दिन में मौसम साफ रहने की संभावना है। मप्र और छत्तीसगढ़ में ठिठुरन वाली ठंड शुरू हो गई है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण मध्यप्रदेश के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। बता दें कि आज यानी रविवार को मौसम विभाग ने एमपी के कई जिलों में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ में भी लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

भूख से बेहाल भालू ने घर का तोड़ा दरवाजा, दहशत में परिवार

कांकेर/नवप्रदेश। विकासखंड कांकेर के ग्राम कोड़ेजुंगा में भालू सोनवानी परिवार के घर में घुस गया। भालू घुसने से पूरे परिवार ने डर के के साए में रात गुजारी। गांव में भालू घरों का दरवाजा तोड़कर घुस रहा है, जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। शाम ढलते ही भालू पहाड़ से सड़कों पर उतर आते हैं।

पहाड़ी में भालू को भोजन नहीं मिलने से बस्तियों में भोजन की तलाश में पहुंच रहे हैं। कांकेर जिला मुख्यालय से चार किमी दूर ग्राम कोड़ेजुंगा में 15 दिसंबर की रात 11 बजे अनुसूईया सोनवानी के घर बाऊंड्रीवाल पारकर टिन का दरवाजा तोड़कर भालू अंदर घुस गया था। किचन में पहुंच भालू ने डिब्बे में रखा तेल पी लिया, दो पैकेट गुड़ खा गया और शक्कर खा गया। बोतल में भरा शहद भी पी गया, इसके बाद बाड़ी में घूमता रहा। परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में थे तथा अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। पहले तो परिजनों ने सोचा भालू खा पीकर लौट जाएगा, लेकिन भालू पूरी रात तक हंगामा करता रहा। भालू के घर में घुसने से परिवार ने डर के साए में रात गुजारी, रातभर सोनवानी परिवार सो नहीं पाया। भालू ने दूसरे कमरे का दरवाजा भी तोड़ने प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाया।

परिवार के लोगों ने रात में ही वन विभाग कर्मचारी को फोन किया लेकिनमोबाईल नहीं उठाया वहीं 16 दिसंबर की सुबह 5 बजकर 45 बजे फोन वन विभाग के अमले ने उठाया। वन रक्षक चेतन पवार मौके पर सबसे पहले पहुंचे, जिसकी आहट से भालू बाऊंड्रीवाल कूदकर भाग गया। इसके बाद डिप्टी रेंजर दीनदयाल निषाद, परिसर रक्षक चंद्रमोहन त्रेता, वनपाल विमल ठाकुर पहुंचे, जिन्होने भालू पर नजर रखी और बस्ती से बाहर जाने दिया।

अंबिका सिंहदेव के खिलाफ ब्राह्मण समाज आक्रोशित, निंदा प्रस्ताव पारित

बैठक में कोरिया, एमसीबी और सूरजपुर जिले के लोग शामिल

सिटी कोतवाली में सौंपा ज्ञापन,कार्यवाही की मांग

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। विगत दिनों बैकुंठपुर की पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव द्वारा ब्राह्मण समाज के युवा के साथ की गई घटना को लेकर समाज द्वारा वृहद बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अंबिका सिंहदेव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही सिटी कोतवाली में पुनः ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की गई। पिछले शुक्रवार को पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव ने ब्राह्मण समाज और कांग्रेस से जुड़े युवा किशन तिवारी एवं उसके एक अन्य साथी के साथ रास्ता रोककर धमकी चमकी किया गया था साथ ही अपशब्दों का प्रयोग किया गया था जिसके बाद समाज द्वारा कोतवाली में ज्ञापन दिया गया था,ज्ञापन देने के पश्चात रविवार को ब्राह्मण समाज द्वारा प्रेमाबाग परिसर में बैठक का आयोजन किया गया,बैठक के पहले क्रम में पीड़ित युवक किशन तिवारी एवं आलोक दुबे ने घटना के बारे में विस्तारपूर्वक सामाजिक जनों को अवगत कराया,जिसके बाद क्रमशः लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के बारे में मिली सूचना के अनुसार युवाओं के साथ पूर्व विधायक द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के लिए सभी एकमत से एकत्र हुए और विषय पर चर्चा की गई।इस विषय पर मनेंद्रगढ़,सूरजपुर, खड़गवा,श्रीनगर आदि विभिन्न जगहों से आए विप्रजनो ने अपने विचार रखे,सभी ने एकमत से युवाओं को वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन अनुसार आगे की कार्यवाही किए जाने पर निर्णय लिया गया। पटना निवासी रविशंकर शर्मा ने कहा कि यदि समाज में किसी भी व्यक्ति पर दुर्घटना होती है तो यह पूरे समाज पर आक्रमण मानकर उसका विरोध किया जाए।

श्रीनगर से आए जयप्रकाश उपाध्याय ने सलाह दिया कि पूरे समाज की ओर से एक ज्ञापन अधिकारियों को सौपा जाए जिसमे समय सीमा तय कर के आगे आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाए। वेदांती तिवारी ने सलाह दिया कि समाज के अध्यक्ष बृज मिश्रा के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रशासन को दिया जाए और घटना को गंभीरता के साथ लेकर निराकरण की ओर बढ़े। सामाजिक सामंजस्य बनाकर आगे के आंदोलन की रूपरेखा बनाए जाने का आग्रह किया गया साथ ही शालीनता के साथ पूर्व विधायक का विरोध करने की बात कही गई। सूरजपुर से आए मनोज अवस्थी ने कहा कि कोरिया ब्राह्मण समाज के किसी भी निर्णय पर सूरजपुर का ब्राह्मण समाज सदैव साथ खड़ा रहेगा। डाक्टर राकेश शर्मा ने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए धैर्य के साथ विरोध दर्ज कराने और एक कोर कमेटी बनाने का सुझाव दिया।

हादसे में एकलव्य विद्यालय के एक छात्र की मौत दूसरा गंभीर

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव में शनिवार सुबह एक बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में दो छात्र घायल हो गए। एक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल है। घायल छात्र का इलाज जारी है। ये दोनों बच्चे एकलव्य विद्यालय गोलावंड के छात्र हैं। कोंडागांव जिले के मर्दापाल-कोंडागांव मार्ग में कारसिंह गांव के पास शनिवार सुबह भीषण हादसा हो गया। एक बाइक पेड़ से टकरा गई।

इसकी चपेट में आने से एकलव्य विद्यालय गोलावंड के दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत कोंडागांव के जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में एक छात्र की मौत हो गई। वहीं, दूसरे छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गोलावंड के शिक्षक बच्चों के साथ नजर आए।

दियारी त्यौहार मनाने गए थे दोनों

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गोलावंड में कक्षा 12वीं के छात्र रामेंद्र मरकाम और तुलेश्वर नेताम परिजनों के साथ नेवता गांव में दियारी त्यौहार मनाने गए थे। 16 दिसंबर की सुबह तुलेश्वर और रामेंद्र एकलव्य विद्यालय गोलावंड की ओर खुद की बाइक से निकले थे। तभी कारसिंह गांव के पास उनकी बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इस घटना के तत्काल बाद सिटी कोतवाली में पदस्थ आरक्षक भूषण कुलदीप और एकलव्य की शिक्षिका ज्योति यादव, तरुण चौहान ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से कोंडागांव जिला अस्पताल पहुंचाया।

यहां उपचार के दौरान रामेंद्र मरकाम की मौत हो गई। तुलेश्वर की नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी लगते ही आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी, तहसीलदार कोंडागांव और एकलव्य विद्यालय के स्टाफ मौके पर पहुंचे।

दानी स्कूल का बंद रास्ता खोलने विधायक बृजमोहन ने दिया निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने बूढ़ा तालाब व आसपास की क्षेत्र का निरीक्षण किया इस अवसर पर रायपुर कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे, नगर निगम की वरिष्ठ पार्षद मृत्युंजय दुबे, अमर बंसल, भाजपा के पदाधिकारीगण एवं नगर निगम व जिला प्रशासन अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बूढ़ा तालाब में दुर्गा मंदिर से लगकर चांदनी चौक की तरफ जाने वाली सड़क को बंद कर डिग्री गर्ल्स कॉलेज और दानी गर्ल्स स्कूल की दीवार से लगाकर चौपाटी का निर्माण किया जा रहा है जो अनुचित है। रायपुर शहर में आबादी और ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए सड़क कहां बने इस बात को लेकर सब चिंतित रहते हैं परंतु बेपरवाह और गैरजिम्मेदार कांग्रेस शासित नगर निगम के तुगलकी आदेश के तहत सड़क को बंद किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। बृजमोहन ने कहा कि 15 दिनों के भीतर इस सड़क को राहगीरों के लिए खोला जाए। उन्होंने कहा कि हम जनप्रतिनिधियों को कोई भी काम जन भावनाओं और जन सुविधाओं को देखकर करना चाहिए। इस सड़क के बंद होने से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। स्कूल कॉलेज की बच्चियां भीड़ भरी मुख्य मार्ग में ना जाकर इसी रास्ते का प्रयोग करती थी।

जन सहयोग समाजसेवी संस्था के साथ सफाई अभियान में जुटे विधायक नेताम

कांकेर/ नवप्रदेश। शहर समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा आज सुबह जिस समय दूध नदी पुल के ऊपर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा था, ठीक उसी समय श्यामा नगर निवासी एक विक्षिप्त युवक कहीं से आया और उसने देखते ही देखते पुल से नीचे नदी में छलांग लगा दी। युवक को इस तरह कूदते देखकर जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा उनके समाजसेवी साथी फौरन ही नदी के नीचे तल में पहुंचे और उन्होंने वहां पड़े युवक को उठाकर कोमल देव अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी उक्त युवक की सेवा में सक्रिय हो गए। अध्यक्ष जन सहयोग अजय पप्पू मोटवानी जी को सलाह दी गई कि युवक को बेहतर उपचार के लिए रायपुर ले जाया जाए, तो अधिक अच्छी बात होगी। इस सुझाव को मानते हुए जन सहयोग अध्यक्ष ने तत्काल युवक को रायपुर भिजवाने का प्रबंध किया। इसी समय कांकेर के नवनिर्वाचित विधायक आशाराम नेताम भी वहां पहुंच गए और उन्होंने अपनी ओर से संपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। विधायक जी को एक समाज सेवक के रूप में वहां देखकर अस्पताल कर्मचारियों तथा आम जनता में प्रसन्नता व्याप्त हो गई और अब आशा हो गई है कि युवक को स्वास्थ्य लाभ कराकर रायपुर से वापस अपने घर लाना संभव हो सकेगा। युवक के परिवारजन अत्यंत ग़रीब वर्ग के लोग हैं, इसका ध्यान रखते हुए जन सहयोग अध्यक्ष ने कहा कि मेरे द्वारा और मेरी संस्था के द्वारा जो कुछ भी इस युवक के हित में हो सकेगा, वह किया जाएगा। आज काँकेर शहर में इस घटना की चर्चा घर-घर में की जा रही है और नवनिर्वाचित विधायक सहित जन सहयोग के समाज सेवक सदस्यों तथा उनके अध्यक्ष को नेक काम के लिए बधाइयां दी जा रही हैं। आज के इस पुण्य कार्य में सहयोग देने वाले सज्जनों में विधायक आशाराम रामचरण कोर्राम (अध्यक्ष जनपद पंचायत) धर्मेंद्र देव, बल्लू यादव ,करण नेताम ,चरण यादव, शैलेंद्र देहारी, रोशन चौहान, डॉक्टर श्याम देव, धीरज ठाकुर ,शीतल यादव, सन्तकुमार रजक प्रवीण गुप्ता, उत्तम मिश्रा, पप्पू साहू ,दिनेश मोटवानी, संजय ठाकुर, लखन देहारी, मनोज दुबे, तथा भूपेंद्र यादव के नाम उल्लेखनीय हैं।

एनएसएस कैंप में डीएवी के छात्रों ने लिया हिस्सा

किरन्दुल/नवप्रदेश। लौह नगर की किरन्दुल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम चोलनार के गायत्री आश्रम परिसर में सात दिवसीय शिविर का आयोजन 10 दिसंबर से 16 दिसंबर तक किया गया था। शिविर का उद्घाटन नगर के समाजसेवी एवं गायत्री ग्राम उत्थान समिति के अध्यक्ष डी पी डेहरिया एवं विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। शिविर के दौरान शिविर स्थल की सफाई की गई। ग्राम के शाला परिसर एवं हैंड पंप के आसपास की सफाई की गई। बौद्धिक चर्चा में योगाचार्य नरेंद्र देव के द्वारा योग की महत्ता एवं बौद्धिक विकास हेतु योगासन भी बताई गई। 14 दिसंबर को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक शाला के बच्चों एवं ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का समापन ग्राम के सरपंच भीमा मंडावी, विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा,गायत्री ग्राम उत्थान समिति के पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी के पी सिन्हा द्वारा शिविर के दौरान किए गए कार्यों को बताया गया। ग्राम के सरपंच के द्वारा एन एस एस कार्यक्रम की सराहना की गई एवं भविष्य में भी विशेष सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लक्ष्य गीत भी प्रस्तुत किया गया।अंत में विद्यालय की शिक्षिका रुपा सक्सेना द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

भारत ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

पहले वनडे में श्रेयस और सुदर्शन की फिफ्टी, अर्शदीप-आवेश ने मिलकर 9 विकेट झटके

जोहान्सबर्ग (ए.)। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। जोहान्सबर्ग में अर्शदीप सिंह और आवेश खान ने मिलकर 9 विकेट झटके। वहीं डेब्यूटांट साई सुदर्शन ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के पार पहुंचाया। भारत से श्रेयस अय्यर ने भी 52 रन बनाए।

न्यू वांडरर्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 27.3 ओवर में 116 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। अर्शदीप को 5 और आवेश को 4 विकेट मिले। 117 रन का टारगेट भारत ने 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाए। अर्शदीप को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।पहले वनडे में जीत के साथ भारत ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा वनडे 19 दिसंबर को केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से शुरू होगा। अर्शदीप ने पारी के दूसरे ओवर में रीजा हेंड्रिक्स को बोल्ड कर दिया, हेंड्रिक्स 8 गेंद खेलकर भी अपना खाता नहीं खोल सके। फिर पांचवीं ही गेंद पर उन्होंने रासी वान डर डसन को भी खड्डू कर दिया। दोनों बैटर्स खाता नहीं खोल सके। अर्शदीप ने 8वें ही ओवर में टोनी डी जॉर्जी को भी कॉट बिहाइंड कराया। टोनी 28 रन ही बना सके। 10वें ओवर की आखिरी बॉल पर उन्होंने हेनरिक क्लासन को भी बोल्ड कर दिया।

क्लासन 6 रन ही बना सके। साउथ अफ्रीका ने शुरुआती 10 ओवर में 52 रन बनाए लेकिन 4 विकेट भी गंवा दिए। 9.5 ओवर तक साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट पर 52 रन बनाए, यहां कप्तान ऐडन मार्करम और हेनरिक क्लासन क्रीज पर थे। पारी में शुरुआती 3 विकेट ले चुके अर्शदीप सिंह ने 10वें ओवर की आखिरी गेंद पर क्लासन को भी बोल्ड कर दिया। 11वें ओवर में तेज गेंदबाज आवेश खान ने कप्तान ऐडन मार्करम को पवेलियन भेज दिया। आवेश ने फिर दूसरी ही गेंद पर वायन मुल्डर को भी खड्डू कर दिया। इस तरह साउथ अफ्रीका ने लगातार गेंदों पर 3 विकेट गंवाए।

साउथ अफ्रीका का स्कोर 7.4 ओवर में 42 रन पर 2 विकेट था। लेकिन टीम ने अगले 16 ही रन जोड़ने में 5 विकेट गंवा दिए और 13 ओवर के बाद स्कोर 58/7 हो गया। साउथ अफ्रीका से टोनी डी जॉर्जी, हेनरिक क्लासन, ऐडन मार्करम, वायन मुल्डर और डेविड मिलर आउट हुए। शुरुआती 10 ओवर में साउथ अफ्रीका को चारों झटके अर्शदीप सिंह ने दिए। वहीं 11वें के बाद आवेश ने भी 4 विकेट झटक लिए।

आखिरी 4 बैटर्स ने 58 रन जोड़े

साउथ अफ्रीका ने 58 रन के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से एंडिले फेलुक्वायो ने गेंदबाजों के साथ पार्टनरशिप बनाई और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। फेलुक्वायो 33 रन बनाकर आउट हुए। उनके सामने केशव महाराज ने 4, नांद्रे बर्गर ने 7 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। आखिरी 4 बैटर्स ने मिलाकर टीम के लिए 58 रन जोड़े।

3 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सके

साउथ अफ्रीका से ओपनर रीजा हेंड्रिक्स, रासी वान डर डसन और वायन मुल्डर खाता खोले बगैर ही आउट हो गए। एंडिले फेलुक्वायो ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। टोनी डी जॉर्जी ने 28, ऐडन मार्करम ने 12 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। नांद्रे बर्गर 7, हेनरिक क्लासन 6, डेविड मिलर 2 और केशव महाराज 4 रन ही बना सके।

बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 सीरीज में कप्तानी करेंगे केन विलियमसन

नेपियर। बांग्लादेश के खिलाफ 27 दिसंबर से शुरू होने वाली टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो चुका है। साथ ही केन विलियमसन की कप्तान के रूप में वापसी हुई है।

विलियमसन ने आखिरी बार नवंबर 2022 में भारत के खिलाफ टी20 मैच खेला था और वह घुटने की सर्जरी से उबरने के कारण इंग्लैंड में इस साल की श्रृंखला सहित प्रारूप में हालिया असाइनमेंट से चूक गए थे। विलियमसन के अलावा, जिमी नीशम और बेन सियर्स भी इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से चूकने के बाद टी20 टीम में लौट आए हैं। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के चयन पर विचार नहीं किया गया। इस साल भारी कार्यभार के बाद वह आराम की अवधि पर हैं। चोट के कारण माइकल ब्रेसवेल, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी और हेनरी शिप्ले बाहर हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने श्रृंखला के लिए चयन के लिए खुद को बाहर रखा। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला अगले साल 4-30 जून तक वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए टीम की तैयारी की शुरुआत है। स्टीड के साथ नियमित बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची और गेंदबाजी कोच के रूप में कैंटरबरी मेन्स डेवलपमेंट कोच ब्रेंडन डोनकर्स शामिल होंगे, साथ ही समूह को एनजेडसी हाई परफॉर्मेंस नेटवर्क कोच डीन ब्राउनली से भी सहायता मिलेगी। 27 दिसंबर को मैकलीन पार्क में शुरू होने वाली श्रृंखला से पहले ब्लैककैप्स टी20 टीम नेपियर में बॉक्सिंग डे पर इकट्ठा होगी, इससे पहले कि टीमें 29 और 31 दिसंबर को नए साल में होने वाली श्रृंखला के अंतिम दो मैचों के लिए टौरंगा के बे ओवल में जाएंगी। टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम- केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सेंटनर, बेन सीयर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी और टिम साउथी।

हरियाणा ने पहली बार जीती विजय हजारे ट्रॉफी

राजकोट। हरियाणा की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। टीम ने वनडे टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में राजस्थान को 30 रन से हराया। सुमित कुमार प्लेयर ऑफ द फाइनल चुने गए। उन्होंने नाबाद 28 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए। साथ ही तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने डेथ ओवर्स में शानदार गेंदबाजी की और 3 विकेट चटकाए। राजकोट के मैदान पर शनिवार को हरियाणा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 50 ओवर में 8 विकेट पर 287 रन बनाए। 288

रन का टारगेट चेज करने उतरी राजस्थान की टीम 48 ओवर में 257 रन पर ऑलआउट हो गई। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी हरियाणा की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 3 रन पर पहला विकेट गंवा दिया। यहां युवराज सिंह एक रन बनाकर आउट हुए। ऐसे में अंकित कुमार (88 रन) ने हिमांशु राणा के साथ 47 बॉल पर 38 रन की पार्टनरशिप की। यहां हिमांशु 10 रन बनाकर आउट हो गई। हिमांशु के आउट होने के बाद अंकित ने अशोक मेनारिया के साथ 151 बॉल पर 124 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम का स्कोर 150 पर पहुंचाया। मिडिल ऑर्डर में रोहित 20, निशांत 29, राहुल तेवतिया 24 और सुमित कुमार 28 रन बनाए।

फिल साल्ट का शतक, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने पहला नाबाद टी-20 शतक जमाया, जबकि युवा हैरी ब्रूक की छोटी लेकिन विस्फोटक पारी ने इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से बढ़त दिला दी।

निकोलस पूरन ने 45 गेंदों में 82 रनों का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने जीत के लिए 223 रनों का बड़ा लक्ष्य इंग्लैंड के सामने रखा था।साल्ट ने सिर्फ 56 गेंदों में नाबाद 109 रन बनाए और 51 गेंदों में अपना शतक पूरा

किया।उन्होंने कप्तान जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ 11.2 ओवर में 115 रन जोड़े। बटलर और जैक के जल्दी आउट होने के बावजूद साल्ट क्रीज पर जमे रहे। फिर, लिविंगस्टोन (18 गेंदों पर 30) के साथ मिलकर दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 34 गेंदों पर 70 रन जोड़े।बाद में, ब्रूक ने आंद्रे रसेल के खिलाफ अंतिम ओवर में 24 रन बनाए और केवल सात गेंदों पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे और इंग्लैंड को एक गेंद शेष रहते हुए जीत दिलाई, जो इस प्रारूप में वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका सबसे सफल लक्ष्य भी है। इंग्लैंड ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाये।ग्रेनाडा में मैच का कुल स्कोर 448 रन था, जो पुरुषों के टी20 के इतिहास में नौवां सबसे बड़ा स्कोर भी था। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज अब क्रमशः 19 और 21 दिसंबर को अंतिम दो टी20 के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा करेंगे।

बिजनेस

ब्याज दर में कटौती के संकेत का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। वैश्विक स्तर के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मजबूत आर्थिक आंकड़ों और रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विकास अनुमान में सुधार करने से हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह नया इतिहास रच चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह फेड रिजर्व के नये साल में ब्याज दर में कटौती के स्पष्ट संकेत का असर जारी रहेगा। अमेरिका में 10 वर्षीय बॉन्ड यील्ड के चार प्रतिशत से नीचे लुढ़कने से विकासशील बाजारों के लाजेंकैप की ओर पूंजी प्रवाह बढ़ने की बदौलत बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1658.15 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर पहली बार 71 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 71483.75 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 487.25 अंक यानी 2.32 प्रतिशत उछलकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 21456.65 अंक पर रहा।समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जबरदस्त लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 907.44 अंक अर्थात 2.6 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर

36198.35 अंक हो गया। साथ ही स्मॉलकैप 978.84 अंक यानी 2.4 प्रतिशत मजबूत होकर पहली बार 42 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 42083.21 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू और वैश्विक दोनों फ्रंट से सकारात्मक संकेतकों से उत्साहित होकर बीते सप्ताह बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गया। मजबूत घरेलू औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों के साथ-साथ देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पूर्वानुमान पर आरबीआई की सकारात्मक टिप्पणियों ने बाजार की तेजी में योगदान दिया। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट और वर्ष 2024 में अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती के स्पष्ट संकेत ने बाजार की उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। निवेशकों को विश्वास है कि मौद्रिक नीति के सरल होने से वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में अमेरिकी आर्थिक विकास पर से सुस्ती के बादल छंट जाएंगे। साथ ही अमेरिका से मांग बढ़ने खासकर एआई-आधारित अवसरों में बढ़ोतरी होने और फेड द्वारा वर्ष 2024 में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद में बीते सप्ताह घरेलू बाजार में आईटी सेक्टर में 7.6त्र की बढ़ोतरी हुई।

ऊंचे मूल्यांकन से बाजार में करेक्शन

नई दिल्ली। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा है कि ऊंचे मूल्यांकन, अल नीनो पर चिंता और विश्व जीडीपी में मंदी के कारण बाजार में निकट भविष्य में करेक्शन की संभावना है।

उन्होंने कहा, घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों से सकारात्मक संकेतकों के कारण बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गया। मजबूत घरेलू औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण पीएमआई के साथ-साथ भारत के जीडीपी पूर्वानुमान पर आरबीआई की सकारात्मक टिप्पणियों ने तेजी के रुझान में योगदान दिया। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट और 2024 में फेड द्वारा कई दरों में कटौती की संभावना ने बाजार में उम्मीद बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि निवेशकों ने विश्वास जताया है कि मौद्रिक नीति में

सामान्यीकरण से सॉफ्ट लैंडिंग की उम्मीद करते हुए, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में अमेरिकी आर्थिक विकास पर छाए बादल हट जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका से मांग बढ़ने, एआई-आधारित अवसरों के बारे में उम्मीदें और फेड द्वारा 2024 में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद में इस सप्ताह आईटी क्षेत्र में 7.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

एमके वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसंधान प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा है कि फेड द्वारा दरों को बरकरार रखने के फैसले से इक्विटी बाजार सभी सेक्टर और मार्केट कैप में बढ़ गया है। फेड द्वारा दरों को यथावत रखने के निर्णय की संभावनाओं के साथ-साथ अगले साल दरों में कटौती की संभावना के कारण अमेरिकी बाजार सहित लगभग सभी बाजारों में तेजी आई है।

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने सभी स्टोर में की 'माइन डायमंड फेस्टिवल' की शुरुआत;

मुंबई। ग्लोवल ज्वेलरी रिटेलर मलाबार गोल्ड एड डायमंड्स ने 'माइन डायमंड फेस्टिवल' की शुरुआत की है, जो उसके लोकप्रिय सबब्रांड माइन डायमंड्स के हीरे के बेहतरीन आभूषणों का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन है. यह वहुप्रतीक्षित अभियान कंपनी के सभी स्टोर पर 8 दिसंबर से शुरू हुआ है और 14 जनवरी तक चलेगा. एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के शहरों में यह 5 जनवरी से 11 फरवरी तक चलेगा. इस फेस्टिवल के तहत ग्राहक हीरे के मूल्य पर 25त्र तक की छूट और पुराने माइन हीरे के आभूषणों के एक्सचेंज पर 100% वैल्यू का लाभ उठा सकते हैं. माइन डायमंड फेस्टिवल में ग्राहक हीरे के आभूषणों की डायवर्स रेंज को एक्सप्लोर कर सकते हैं, जिसमें सॉलिटेयर, पार्टी वियर, कैजुअल पिक्स और ब्राइडल चॉइसेज शामिल हैं. इस कलेक्शन में स्टेटमेंट नेकपीस, स्टनिंग ईयररिंग्स, डेलिकेट स्टड व रिंग्स शामिल हैं. मलाबार का व्यापक उत्पादों वाला पोर्टफोलियो सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करता है, जो इसे देश में एक पसंदीदा आभूषण ब्रांड बनाता है. मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, ÷एलिगेंस और एक्सक्लूसिबिटी की अपनी सगातार कोशिशों में हम अपने ग्राहकों को मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स में सॉलिटेयर पीस की खोज के लिए आमंत्रित करते हैं.

एप्पल करेगा 25 मिलियन डॉलर का भुगतान

सैन फ्रांसिस्को। एप्पल अपने फैमिली शेयरिंग फीचर पर क्लास-एक्शन मुकदमे को निपटाने के लिए 25 मिलियन डॉलर का भुगतान करने पर सहमत हो गया है। 2019 में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि ऐप्पल ने ऐप्स के सब्सक्रिप्शन साझा करने के लिए अपने फैमिली शेयरिंग फीचर का उपयोग करने की क्षमता को गलत तरीके से प्रस्तुत किया।

मुकदमे के अनुसार, एप्पल के साथ एक क्लास-एक्शन मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि ऐप्पल ने ऐप्स के सब्सक्रिप्शन साझा करने के लिए अपने फैमिली शेयरिंग फीचर का उपयोग करने की क्षमता को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है।

एप्पल ने इस बात से इनकार किया कि उसने कोई गलत जानकारी दी और गलत काम के सभी आरोपों से भी इनकार किया। अदालत के दस्तावेज में कहा गया है, सब्सक्रिप्शन-आधारित ऐप्स को परिवार के सदस्यों के साथ साझा नहीं किया जा सकता है।

वे केवल व्यक्तिगत उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध हैं जो ऐप डाउनलोड करता है और सदस्यता लेता है। हालांकि, इन सभी या लगभग सभी ऐप में यह बयान शामिल है कि वे 30 जनवरी, 2019 तक अपने लैंडिंग पेज पर फैमिली शेयरिंग का समर्थन करते हैं।

लाखों उपभोक्ताओं ने सब्सक्रिप्शन-आधारित ऐप्स को यह मानते हुए डाउनलोड किया है कि वे फैमिली शेयरिंग के लिए उपलब्ध हैं। लेकिन भुगतान किए जाने के बाद यह पता चला कि वे उपलब्ध नहीं थे।

तेजा सज्जा स्टारर सुपरहीरो फिल्म हनु-मन का ट्रेलर कल होगी रिलीज

हनु-मन, भारत की पहली सुपरहीरो फिल्म की शुरुआत करने वाला एक अभूतपूर्व उद्यम, प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स की व्यापक दुनिया को उजागर करने के लिए तैयार है। तेजा सज्जा और अमृता अय्यर अभिनीत यह फिल्म 12 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है, जो भारतीय सिनेमा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।19 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने वाले बहुप्रतीक्षित ट्रेलर के साथ रिलीज को लेकर उत्साह तेज हो गया है। देश भर के दर्शक उत्सुकता से दिनों की गिनती कर रहे हैं, अंजनाद्रि के काल्पनिक क्षेत्र में एक झलक पाने के लिए उत्सुक हैं।के निरंजन रेड्डी के निर्माण कौशल और श्रीमती चैतन्य की प्रस्तुति के तहत, हनु-मन में वरलक्ष्मी सरथकुमार, विनय राय, गेटअप श्रीनु, सत्या, राज दीपक शेट्टी और अन्य कलाकारों की एक प्रभावशाली टोली शामिल है , जो एक ऐसे सिनेमाई अनुभव का वादा करना जो सामान्य से परे हो।इस सिनेमाई प्रयास का मार्गदर्शन करने वाले प्रमुख व्यक्ति हैं जैसे कार्यकारी निर्माता अश्विन रेड्डी, लाइन निर्माता वेंकट कुमार जेट्टी, और एसोसिएट निर्माता कुशाल रेड्डी, प्रत्येक ने इस सुपरहीरो गाथा के सावधानीपूर्वक निर्माण में योगदान दिया है।कथा में एक सिम्फोनिक परत जोड़ते हुए, गौरहरि, अनुदीप देव और कृष्णा सौरभ की संगीत रचनाएँ फिल्म के भावनात्मक और एक्शन से भरपूर दृश्यों को ऊंचा करने के लिए तैयार हैं।भाषाई सीमाओं से परे हनु-मान का वैश्विक दायरा उल्लेखनीय है। यह फिल्म न केवल विभिन्न भारतीय भाषाओं में बल्कि अंग्रेजी, स्पेनिश, कोरियाई, चीनी और जापानी में भी दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है, जो वास्तव में एक वैश्विक तमाशा सुनिश्चित करती है। जैसे-जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, हनु-मन भारतीय सिनेमा के उभरते परिदृश्य के लिए एक प्रमाण के रूप में खड़ा है, जो न केवल मनोरंजन बल्कि सुपरहीरो शैली में एक अग्रणी छलांग का वादा करता है। 12 जनवरी, 2024 को एक सिनेमाई ब्रह्मांड के जन्म और भारत के अपने सुपरहीरो के उद्भव को देखने के लिए तैयार हो जाइए।

अदिवी शेष ने किया अपनी नई पैन इंडिया फिल्म का ऐलान

दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता अदिवी शेष ने अपनी नई पैन इंडिया फिल्म का ऐलान कर दिया है।इसमें उनकी जोड़ी साउथ की अभिनेत्री श्रुति हासन के साथ बनी है। फिलहाल फिल्म के शीर्षक का ऐलान नहीं किया गया है।नई फिल्म से अदिवी की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका दमदार अवतार देखने को मिल रहा है।इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का नाम 18 दिसंबर को बताया जाएगा। पोस्टर में उनके चेहरे को काले कपड़े से छिपाया गया है और उनकी आंखें सारे राज खोलती हुई नजर आ रही हैं। उनके दाहिने कान में सोने की बाली उनके लुक में स्टाइल और स्वैग का एहसास जोड़ती है। श्रुति हासन ने अपने इंस्टाग्राम पर अदिवि शेष के फर्स्ट लुक की तस्वीर पोस्ट की और लिखा, क्या उनके आगमन से उनके जीवन में तूफान आएगा? टाइटल और फर्स्ट लुक 18 दिसंबर को आएगा। यह मेगा प्रोजेक्ट हिंदी और तेलुगु में शूट किया जाएगा, सुप्रिया यारलागड्डा द्वारा निर्मित यह फिल्म शेनिल देव द्वारा निर्देशित है। 2022 की फिल्म मेजर के बाद अदिवि शेष की लगातार यह दूसरी हिंदी फिल्म होगी, जिसमें उन्हें मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के रूप में दिखाया गया था।यह फिल्म शेनिल के फीचर निर्देशन की पहली फिल्म होगी, जो पहले कई तेलुगु ब्लॉकबस्टर्स के लिए फोटोग्राफी के निदेशक के रूप में काम कर चुके हैं, जिन्हें अदिवी शेष ने हेडलाइन किया था। उन्होंने फिल्म लैला का भी निर्देशन किया, जिसे आधिकारिक तौर पर कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया था।

बस्तर में फाइलेरिया की दस्तक, स्वास्थ्य विभाग चलाएगा अभियान

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में ग्रामीण अंचलों में फाइलेरिया के लक्षण दिखाई देने से ग्रामीण काफी चिंतित हैं। इस फाइलेरिया को हाथी पांव भी कहा जाता है। जिले के 3 ब्लॉक में फाइलेरिया के लक्षण वाले मरीज मिलने की जानकारी मिली है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है और इन क्षेत्रों में आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाने की बात कही है। जिसके तहत फाइलेरिया के परजीवी से लोगों को इस रोग से बचने के लिए दवा खिलाई जाएगी।

30 से ज्यादा मरीज मिले

हालांकि इस दवा से गर्भवती महिला, 2 साल के कम आयु के बच्चे और गंभीर रूप से बीमार मरीज को दूर रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सही समय पर फाइलेरिया के परजीवी को नष्ट नहीं करने पर आगामी चार-पांच साल में यह लाईलाज हो जाता है और शरीर में सूजन आ जाती है। पैर हाथी पांव की तरह सूज जाते हैं, जिले में सही समय पर इलाज नहीं कराने से 30 से ज्यादा हाथी पांव से ग्रसित मरीजों की मिलने की पुष्टि हुई है।

चलाया जाएगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

बस्तर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के चतुर्वेदी ने बताया कि

फाइलेरिया या हाथी पांव क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। लेकिन इसके लक्षण 5 से 7 साल बाद दिखने लगती है, तब तक यह रोग लाईलाज हो जाता है। इसका एक ही उपाय है कि बीमारी के होने से पहले ही दवा खिलाकर मरीज को बचाया जाए। इधर जिला मलेरिया अधिकारी एस.एस टिकाम ने बताया कि जिले के 3 ब्लॉक बस्तर, बकावंड और तोकापाल इन तीन ब्लाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर डीईसी और एल्बेंडाजोल खिलाएंगे।

फाइलेरिया के लक्षण और बचाव

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया के लक्षण काफी सामान्य होते हैं, इसमें ज्यादा दिन तक बुखार रहता है। पुरुषों के जननांग में और महिलाओं के स्तन में दर्द या सूजन रहता है। हाथ पैर में दर्द या सूजन रहता है, यह सभी लक्षण फाइलेरिया के लक्षण हैं। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया को लेकर लापरवाही बरतने पर जिस किसी मनुष्य के शरीर में इस फाइलेरिया के परजीवी मौजूद होते हैं। वह पूरी तरह से हाथ और पैर को अपनी चपेट में ले लेते हैं, जिस वजह से मरीज के पैर हाथी पांव की तरह हो जाती है और 5 से 7 साल बीतने के बाद यह बीमारी लाइलाज हो जाती है।

10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक इन तीनों ब्लॉक में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके साथ ही महत्वपूर्ण स्थानों में शिविर लगाकर दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाओं के सही डोज के संबंध में भारत सरकार के द्वारा गाइडलाइन जारी की गई है। इसके अनुसार माइक्रो फाइलेरिया पॉजिटिव मरीजों को शरीर के वजन के आधार पर डीईसी दवा और एक गोली एल्बेंडाजोल एक बार दिया जाएगा।

लक्षण होने की तत्काल दें स्वास्थ्य केन्द्र में जानकारी

स्वास्थ्य अधिकारी ने इस तरह के लक्षण होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में इसकी जानकारी देने की भी अपील की है। फिलहाल इन तीन ब्लॉक में उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं उन्होंने बात की क्यूलेक्स मच्छर रात के वक्त काटते हैं। इसलिए किसी इंसान को इसका आभास नहीं हो पता है। हालांकि शरीर में इस तरह के लक्षण दिखने पर जरूर स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने की सलाह स्वास्थ्य अधिकारी ने दी है।

देर से पहुंचे विधायक, कार्यक्रम से नाराज होकर लौटे कलेक्टर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले के ग्राम अर्जुनी में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक टंक राम वर्मा को कार्यक्रम में शामिल होना था लेकिन किसी कारणवश विधायक काफी देर से पहुंचे। कलेक्टर चंदन कुमार पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम के बाद हितग्राहियों को सामान बांटने लगे थे तभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का इंतजार करने की गुजारिश की जिसके बाद कलेक्टर नाराज होकर कार्यक्रम से चले गए। कलेक्टर के जाने के बाद विधायक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। पुरस्कार वितरण और हितग्राहियों को सामान वितरण किया गया।

बिलासपुर/नवप्रदेश। सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष में आज भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी।

कार की चपेट में आने से मासूम की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कार की टक्कर से एक डेढ़ साल के मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद कार लेकर चालक भाग गया और बिलासपुर जिले के सीपत थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र ग्राम बोईदा अटल चैक के पास डेढ़ वर्षीय गौरांश घर के सामने खेल रहा था। वह खेलते हुए एकाएक सड़क पर आ गया और उस दौरान वहां से गुजर रही कार ने बच्चे को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक ने मौके पर रूकने की कोशिश की, लेकिन भीड़ और आक्रोशित ग्रामीणों को देखकर वह घटनास्थल से भाग गय।

बस संचालकों की मनमानी, बस्तर पुलिस ने दी सख्त हिदायत

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर में लगातार बस संचालकों की ओर से किए जा रहे अनियमितता और मनमानी की शिकायत मिलने पर अब बस्तर पुलिस एक्शन मोड़ पर नजर आ रही है. पुलिस ने बस संचालकों की बैठक करके बसों में उचित रख रखाव और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है.

केशकाल में अचानक लगी बस में आग से प्रशासन के साथ बस संचालकों की टेंशन बढ़ गई है. बस्तर एएसपी ने यात्रियों की सुरक्षा और बस की नियमित संचालन के लिए बस संचालकों और उनके मैनेजरों का मीटिंग लिया. मीटिंग में शख्त हिदायत दी गई है कि बसों में फिटनेश और आवश्यक दस्तावेज होना अनिवार्य है. बस में फर्स्ट एड किट, फायर सेफ्टी और वर्दी पहनकर बस चलाएं. इसके साथ ही लंबे समय से शिकायत थी कि शराब पीकर बस ड्राइवर वाहन चलाते हैं. ऐसी स्थिति में वाहन चालकों का एल्कोहल जांच भी किया जा रहा है. यदि कोई शराब पीकर वाहन चलाते पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया जाएगा. साथ ही बस चालक और परिचालकों की ओर से यात्रियों से दुर्व्यवहार करने की बात भी सामने आती रही है. हालांकि लिखित शिकायत इस पर नहीं मिली है, जिसे लेकर भी संचालकों को समझाइश दी गई है. ऐसी स्थिति निर्मित होने पर कार्रवाई की जाएगी. इसके अतिरिक्त बस संचालकों की ओर से परमिट से अधिक यात्रियों को बैठाने की बात पर RTO से बातचीत करके मौके पर कार्रवाई करने की बात कही है.